OPERATION SINDOOR CONTINUES

* ओड़िशा संस्करण

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची 09 मई, 2025, शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 198, वैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


## Soaring to New Heights!!

WE ARE PROUD TO ANNOUNCE THAT

USHA MARTIN UNIVERSITY

RANCHI

has been accredited

A

NAAC GRADE


Usha Martin University touches

New milestone of success

with **3.17 NAAC** score

1st in Jharkhand & Bihar among all Universities with A Grade

*A heartfelt thanks to our management, faculty, staff, students, stakeholders, and alumni for their unwavering support and dedication in helping us reach this remarkable milestone.*




At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi

Ranchi : +91 8956226200

Patna : +91 9355564011

E-mail: admission@umu.ac.in

Website: www.umu.ac.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# भारत ने हर मोर्चे पर पाकिस्तान को ठोका लेफ्ट राइट एंड सेंटर

## ■ पहलगाम नरसंहार के जवाब में भारत ने पाकिस्तान की चौतरफा घेराबंदी की

## ■ पहले पानी रोका, फिर व्यापार पर प्रतिबंध, कूटनीतिक कदमों से घेरा

## ■ फिर 'ऑपरेशन सिंदूर' चला कर ध्वस्त कर दी आतंकवाद की फैक्टरी

**आजाद सिपाही विशेष**

**22 अप्रैल को पहलगाम में इस्लामी आतंकवादियों द्वारा किये गये बर्बर नरसंहार के बाद पूरा देश गुस्से से उबल रहा था। पाकिस्तान में तैयार किये गये इन आतंकवादियों के ठिकानों को भारतीय सेना ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व चला कर ध्वस्त कर दिया है। इससे देश का गुस्सा थोड़ कम जरूर हुआ है। दरअसल भारत द्वारा आतंकवाद के खिलाफ चलाया गया यह ऑपरेशन बेहद ठोस रणनीति और सटीक कूटनीतिक कदमों के तहत उठाया गया। भारत ने जोश से नहीं, होश से काम लिया और पाकिस्तान की चौतरफा घेरेबंदी की। इसके बाद पाकिस्तान के आतंकी शिविरों पर हवाई प्रहार कर भारत ने पहलगाम हमले के 15वें दिन बदला लिया। हालांकि हमले के बाद से ही भारत लगातार पाकिस्तान की घेराबंदी करने में जुटा हुआ था। सिंधु जल संधि को निलंबित करने से लेकर आयात प्रतिबंध तक भारत ने कुछ ऐसे प्रमुख दंडात्मक कदम उठाये, जिनसे पहले से ही रसातल में चल रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त होने की कगार पर पहुंच गयी। व्यापार, संचार, समुद्री पहुंच और हवाई क्षेत्र को निशाना बनाते हुए उठाये गये कदमों से पाकिस्तान को करारी आर्थिक चोट पहुंची। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव हो सका, क्योंकि उन्होंने पहलगाम घटना के फौरन बाद सेना को कार्रवाई की खुली छूट दे दी थी। भारत ने पाकिस्तान की न केवल आर्थिक और सामाजिक घेरेबंदी की, बल्कि कूटनीतिक नाकेबंदी के बाद ही सैन्य कार्रवाई जैसा कदम उठाया, जिसका जवाब पाकिस्तान के पास नहीं है। पहलगाम घटना के बाद भारत ने कैसे पाकिस्तान की घेरेबंदी की और उसका क्या असर पड़ा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर किये गये हवाई प्रहार, जिसे ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व का नाम दिया गया, एक ऐसी कार्रवाई थी, जिसका मकसद केवल आतंकवाद की फैक्टरी को नेस्त-नाबूद करना था। लेकिन इस सैन्य कार्रवाई का पूरा ताना-बाना एक दिन में नहीं बुना गया। भारतीय सशस्त्र बलों की ठोस रणनीति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तैयार आर्थिक, सामाजिक और कूटनीतिक रणनीति ने पाकिस्तान की ऐसी घेरेबंदी की, जिससे पाकिस्तान पूरी दुनिया के सामने बेपर्दा हो गया और उसकी असलियत दुनिया के सामने आ गयी।

पहलगाम नरसंहार के बाद भारत ने कठोर कदम उठाते हुए पाकिस्तान से सभी तरह के आयात और निर्यात पर पाबंदी लगा दी। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी। इसमें वे वस्तुएं शामिल हैं, जो तीसरे देशों के माध्यम से भेजी गयी हैं, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार का एक और रास्ता बंद हो गया। इस कठोर कदम से दोनों देशों के बीच सीमित व्यापार पर काफी असर पड़ेगा, जो पहले से ही बहुत कम है। भारत ने अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के बीच पाकिस्तान को 1.18 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया, जबकि आयात केवल 28.8 लाख डॉलर था। भारत की तरफ से उठाये गये कदमों का असर पाकिस्तान की आम जनता का अपनी सरकार के प्रति नाराजगी के रूप में भी देखने को मिल रहा है।

### सिंधु जल संधि निलंबित

पहलगाम हमले के बाद भारत ने सबसे पहली जवाबी कार्रवाई सिंधु जल संधि को निलंबित कर की थी। दोनों देशों के बीच चार युद्धों और दशकों से जारी सीमा पार आतंकवाद के बावजूद इस संधि को बरकरार रखा गया था। सिंधु नदी के जल पर पाकिस्तान की 70 फीसदी कृषि निर्भर करती है। कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि 1960 की सिंधु जल संधि तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेगी, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन का त्याग नहीं देता।



### सार्क वीजा छूट योजना की निरस्त

भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सार्क वीजा छूट योजना (एसवीइएस) भी रद्द कर दी है। पहलगाम हमले के एक दिन बाद हुई सुरक्षा मामलों पर कैबिनेट समिति की बैठक में यह फैसला किया गया था। बैठक के बाद सरकार ने घोषणा की थी कि पाकिस्तानी नागरिकों को अब सार्क वीजा छूट योजना (एसवीइएस) के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। इस वीजा पर आने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को सरकार ने 48 घंटे में देश छोड़ने का आदेश भी दिया था।

### पाकिस्तानी सैन्य सलाहकार का निष्कासन

भारत ने 24 अप्रैल को पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, नौसेना और वायु सेना सलाहकारों को भी अवांछित घोषित कर दिया था और उन्हें एक सप्ताह के भीतर देश छोड़ने को कहा था। सरकार ने इस्लामाबाद स्थित अपने उच्चायोग से रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को वापस बुलाने की घोषणा भी की थी। भारत ने इन पदों को निरस्त करने का भी एलान किया था।

### डाक का आदान-प्रदान भी निलंबित

व्यापार पर प्रतिबंध के साथ ही भारत ने पाकिस्तान के साथ सभी तरह के डाक सेवाओं के आदान-प्रदान को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में डाक विभाग ने हवाई और जमीनी मार्गों से दोनों देशों के बीच पत्र और पार्सल के आदान-प्रदान पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

### डिजिटल हमला

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ डिजिटल हमला करते हुए 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को ब्लॉक कर दिया है, जो पहलगाम हमले को लेकर भ्रामक और भड़काऊ सामग्री प्रसारित कर रहे थे। प्रतिबंधित चैनलों के कुल सब्सक्राइबरों की संख्या 6.3 करोड़ से अधिक है। इसके अतिरिक्त भारत ने पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक लगा दी है और उन पर भड़काऊ बयान देने और गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया है। इंस्टाग्राम ने भारत में कई पाकिस्तानी हस्तियों के अकाउंट ब्लॉक कर दिये हैं। इनमें फवाद खान, आतिफ असलम, मावरा होकेन और आबिदा परवीन शामिल हैं।

### हवाई क्षेत्र बंद किया

पाकिस्तान को अलग-थलग करने के लिए भारत ने पाकिस्तान में पंजीकृत विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया है। इसमें सैन्य विमानों के प्रवेश पर रोक लगायी गयी है। पाकिस्तान ने भी अपने हवाई क्षेत्र को भारतीय विमानों के लिए बंद कर दिया है।

### नौ आतंकियों के घर ध्वस्त

पहलगाम हमले के बाद आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकियों के घरों को ध्वस्त कर दिया। इसकी शुरुआत लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी आदिल अहमद थोकर के घर से शुरू हुई, जिसके बारे में माना जाता है कि वह पहलगाम हमले में शामिल था। पुलवामा, बांदीपोरा और कुपवाड़ा में अन्य संदिग्धों के घरों को भी जमींदोज कर दिया गया।

### अटारी-वाघा सीमा को बंद किया

पहलगाम हमले के बाद भारत ने कम अवधि की वीजा पर आये पाकिस्तानी नागरिकों को 30 अप्रैल तक भारत छोड़कर चले जाने का समय दिया था। इस समय सीमा की समाप्ति के बाद एक मई को भारत ने अटारी-वाघा सीमा को पूरी तरह से बंद कर दिया। 25 अप्रैल को अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट बंद होने के बाद से 780 से अधिक पाकिस्तानी नागरिक भारत छोड़कर जा चुके थे, जबकि भारतीय नागरिकों और दीर्घकालिक वीजा वाले पाकिस्तानियों सहित लगभग 1,560 लोग पैदल सीमा पार कर चुके थे।

### पाकिस्तानी जहाजों के लिए भारतीय बंदरगाह बंद

भारत ने पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों के अपने बंदरगाह पर आने पर रोक लगा दी है। नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) की तरफ से इस संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं, जिसमें कहा गया है कि ये उपाय राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत के शिपिंग बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। नये नियम तत्काल प्रभाव से लागू कर दिये गये हैं।

### उच्चायोग कर्मियों में कटौती

पाकिस्तान के साथ कूटनीति जुड़ाव को कम करते हुए भारत ने राजनयिकों की संख्या में भी कटौती कर दी है। भारत ने पाकिस्तान स्थित उच्चायोग में अपने राजनयिक कर्मचारियों की कुल संख्या 55 से घटाकर 30 कर दी है, जो एक मई से प्रभावी हो गयी है। पाकिस्तान को भी नई दिल्ली स्थित अपने उच्चायोग में इसी तरह की कटौती करनी पड़ी है।

### अंत में सैनिक कार्रवाई

भारतीय रणनीति की सटीकता इसी बात से साफ होती है कि इस बार सैनिक कार्रवाई सबसे अंत में की गयी, ताकि पाकिस्तान को कोई बहाना बनाने का मौका नहीं मिले। आर्थिक और सामाजिक स्तर पर पाकिस्तान की घेरेबंदी करने के बाद उसे कूटनीतिक तरीके से दुनिया के सामने बेपर्दा किया गया, ताकि उसकी असलियत सामने आ सके। भारत की यह रणनीति काम आयी और आज दुनिया का कोई भी देश पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व की खिलाफत करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। यही है नया भारत, जो अपने दुश्मन को घर में घुस कर मारता है।

---

## घुटनों पर आया पाक, लगाने लगा कार्रवाई रोकने की गुहार

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के भीतर घुसकर आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा किये गये हमले के बाद पड़ोसी देश घुटनों पर आ गया है। इस ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अगर भारत अपना ऑपरेशन यहीं रोक दे, तो उनकी सेना अपने कदम खींचने के लिए तैयार है। उनका यह बयान काफी मायने रखता है। माना जा रहा है कि भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान के भीतर मौजूद आतंकवादी ठिकानों पर हमले के बाद वहां व्यापक स्तर पर तबाही हुई है। इन हमलों में सैकड़ों आतंकवादियों के मारे जाने की आशंका है। ख्वाजा आसिफ के इस बयान से एक बात और स्पष्ट हो गयी है कि पाकिस्तान ने भारत के एक्शन की बात को स्वीकार कर लिया है। भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत और उसके कब्जे वाले कश्मीर के कुल नौ ठिकानों पर बमबारी की है। ये हमले बेहद नपे-तुले थे। भारत ने इस हमले को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अपना अधिकार बताया है। भारत के इस हमले की तमाम तस्वीरें अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भी जारी की हैं। इन तस्वीरों से पता चलता है कि भारत की ओर से किये गये ये हमले बेहद घातक और व्यापक थे।



### दुनिया की सधी प्रतिक्रिया

**भारत की इस कार्रवाई पर दुनिया के तमाम देशों ने बेहद सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। यहां तक कि पाकिस्तान का सबसे खास दोस्त चीन ने भी कहा कि वह हर तरह के आतंकवाद की मुखालफत करता है। उसके इस बयान को बेहद संयमित और संतुलित माना जा रहा है। आतंकवाद के खिलाफ भारत के इस एक्शन की दुनिया के करीब-करीब किसी भी बड़ी शक्ति ने मुखालफत नहीं की है। दुनिया के इस रुख और भारत के व्यापक हमले को देखते हुए ऐसा लगता है कि पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है। इसी कारण उसके रक्षा मंत्री ने जवाबी सैन्य कार्रवाई नहीं करने की बात कही है।**

## अलग-अलग कारणों से पाकिस्तान के नौ ठिकानों को किया गया ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम की वादियों में जब लाल सिंदूर बिखरा था, तो वो एक आतंकवादी हमला नहीं था। भारत की आत्मा पर आघात था। भारत का धैर्य जवाब दे गया था और इसके बाद भारत ने लाल मस्जिद से लेकर लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद के तमाम अड्डों को राख में बदल दिया। भारत ने बताया कि इस बार हमला आतंकियों पर हुआ है। लेकिन पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतें खत्म नहीं करेगा, तो फिर भारत हर एक खून का बदला खून से लेगा। लेकिन भारत के एक्शन के बाद सबसे बड़ा सवाल कि करीब नौ लाख वर्ग किलोमीटर में फैले पाकिस्तान के नौ ठिकानों को क्यों चुना गया।




### भारत के हवाई क्षेत्र में रह कर ही हमला

आर्मी और एयरफोर्स की स्ट्राइक एक वक्त पर एक साथ हुई। फाइटर जेट ने भारत के एयरस्पेस में रहकर ही स्टैंडऑफ वेपन (यानी अपनी जगह पर रहकर ही मार कर सकते हैं) से वार किया। माना जा रहा है कि फाइटर जेट मिराज-2000 से स्पाइस 2000 बम का इस्तेमाल किया गया। यह इस्राइली बम है, जिसका इस्तेमाल बालाकोट एयरस्ट्राइक में भी किया गया था। स्पाइस-2000 में 60 किलोमीटर तक की ग्लाइड रेंज है, जिसका मतलब है कि फाइटर जेट को दुश्मन के एयर स्पेस में प्रवेश किये बिना छोड़ा जा सकता है। इसमें रफाल फाइटर जेट का इस्तेमाल किया गया है। भारत ने जिन नौ ठिकानों को ध्वस्त किया, वे इस प्रकार हैं।

**पीओजेके में सवाई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद:** ये लाइन ऑफ कंट्रोल से 30 किलोमीटर दूर है। ये लश्कर-ए-तैयबा का ट्रेनिंग सेंटर था। 20 अक्टूबर 2024 को सोनमर्ग, 24 अक्टूबर 2024 को गुलमर्ग में आतंकी हमले और 22 अप्रैल को पहलगाम में हमले में शामिल आतंकियों ने यहीं से ट्रेनिंग ली थी।

**पीओजेके में सेदना बिलाल कैंप:** जैश-ए-मोहम्मद का स्टेजिंग एरिया है। यहां आतंकियों को हथियारों, विस्फोटकों और जंगल में सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी।

**पीओजेके में कोटली गुलपुर:** ये एलओसी से करीब 30 किलोमीटर दूर था। ये लश्कर-ए-तैबा का बेस था, जो रजौरी, पुंछ में सक्रिय था। 20 अप्रैल 2023 और 9 जून 2024 को तीर्थयात्रियों के बस हमले में शामिल आतंकियों को यहीं ट्रेंड किया गया था। मुंबई अटैक का मास्टरमाइंड जकिउर रहमान यहां लगातार आता रहता था।

**पीओजेके, बिंबर:** ये एलओसी से करीब 9 किलोमीटर दूर है। यहां पर हथियार चलाने और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी।

पीओजेके में अब्बास कैंप, कोटली: ये एलओसी से 13 किलोमीटर दूर था। यहां आतंकी संगठन लश्कर का फिदायीन तैयार होता था। इसकी कैपिसिटी 50 आतंकियों को ट्रेंड करने की थी।

**पाकिस्तान में सरजल कैंप, सियालकोट:** इंटरनेशनल बॉर्डर से 6 किलोमीटर दूर है। सांभा-कठुआ के सामने। मार्च 2025 में जम्मू-कश्मीर पुलिस के 4 जवानों की हत्या में शामिल आतंकियों को यहीं ट्रेंड किया गया था।

**पाकिस्तान में महमूना जोया कैंप, सियालकोट:** यह इंटरनेशनल बॉर्डर से 12 किलोमीटर दूर है। यहां हिजबुल मुजाहिदीन का बड़ा कैंप था। कठुआ, जम्मू में आतंक फैलाने का नियंत्रण केंद्र था। पठानकोट एयरफोर्स बेस पर हुआ हमला भी इसी कैंप से प्लान और डायरेक्ट किया गया था।


**पाकिस्तान में मरकज तयिबा, मुरीदके:** इंटरनेशनल बॉर्डर से 25 किलोमीटर दूर है। लश्कर का हेडक्वॉर्टर था। मुंबई हमले के आतंकी यहीं से प्रशिक्षित हुए थे। अजमल कसाब, डेविड हेडली भी यहां ट्रेंड हुए थे। स्ट्राइक का जो वीडियो दिखाया गया, उसमें दिखाई दे रहा है कि यहां एक के बाद एक कुल चार हिट किये गये।

**पाकिस्तान में मरकज सुभानअल्ला, बहावलपुर:** यह इंटरनेशनल बॉर्डर से 100 किलोमीटर दूर है। आतंकी संगठन जैश का मुख्यालय था। यहां आतंकियों की रिक्रूटमेंट, इंडॉक्टिरेशन, ट्रेनिंग का केंद्र भी था।

## अमेरिका ने अपने नागरिकों को लाहौर छोड़ने को कहा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारत से बदले का सपना देखना वाला पाकिस्तान इस समय बैठ कर आंसू बहा रहा है। बैठे बिठाये पाकिस्तान के लिए बड़ी मुसीबत हो गयी है। खबर अब अमेरिका को लेकर आयी है। अब अमेरिका ने अपने नागरिकों को लेकर बड़ा अलर्ट जारी कर दिया है। अमेरिका ने अपने नागरिकों को कहा है कि आप लाहौर को छोड़कर जल्द से जल्द वापस लौट आयें। अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए अमेरिका ने कहा है कि वो वापस आ जायें या फिर कहीं शरण ले लें। पाकिस्तान और भारत के बीच लगातार जिस तरह से तनावपूर्ण स्थिति हो रही है, उसे देखते हुए अमेरिक ने अपने नागरिकों के लिए ये एडवाइजरी जारी की है। अमेरिका ने उन कदमों का भी उल्लेख किया है, जो संघर्ष क्षेत्र में अमेरिकी नागरिकों को उठाने चाहिए। इसमें शामिल हैं: सुरक्षित आश्रय की तलाश करें, ऐसी निकासी योजनाएं बनायें, जो अमेरिकी सरकार की सहायता पर निर्भर न हों, यात्रा दस्तावेज अद्यतित और आसानी से सुलभ हों, अपडेट के लिए स्थानीय मीडिया पर नजर रखें, उचित पहचान पत्र साथ रखें और अधिकारियों के साथ सहयोग करें। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने सुरक्षा अलर्ट में कहा कि उसे ऐसी



प्रारंभिक रिपोर्ट भी मिली है, जिसमें कहा गया है कि प्रशासन लाहौर के मुख्य हवाई अड्डे से सटे कुछ इलाकों को खाली करा सकता है। इसने अमेरिकी नागरिकों से अपनी सुरक्षा के लिए संघर्ष क्षेत्र छोड़ने के लिए भी कहा है। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने कहा कि अमेरिका के जो नागरिक संघर्ष क्षेत्र के आसपास हैं, उन्हें वहां से चले जाना चाहिए। यदि वहां से निकलना सुरक्षित नहीं है, तो उन्हेंकिसी सुरक्षित स्थान पर जाकर शरण ले लेनी चाहिए। लाहौर छावनी क्षेत्र में कम से कम चार ड्रोन हमले हुए हैं। सशस्त्र बलों ने गोलीबारी की और सायरन बजाया, जिससे लाहौर के सीमावर्ती क्षेत्रों और डिफेंस हाउस अथॉरिटी के निवासियों में दहशत फैल गयी। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने इस्लामाबाद में कहा कि लाहौर के पास एक ड्रोन गिरा, जिसमें उसके चार सैनिक घायल हो गये हैं।

OPERATION SINDOOR CONTINUES

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची 09 मई, 2025, शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 198, वैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# धुआं-धुआं हुआ पाकिस्तान, गृह युद्ध की स्थिति


## ■ पाक ने रात आठ बजे भारत की सीमा पर ड्रोन से किया हमला ■ भारत ने पाक के एफ-16, दो जेएफ-17 और जेट को मार गिराया

नयी दिल्ली/जम्मू कश्मीर/ इस्लामाबाद (एजेंसी)। भारत ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। भारत की कार्रवाई में पाकिस्तान पूरा धुआं-धुआं हो गया। करांची से लेकर इस्लामाबाद तक भारत ने गुरुवार रात को पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हमला किया। यह हमला जवाबी कार्रवाई के रूप में किया गया। पाकिस्तान में ब्लैक आउट हो गया है। इससे पहले पाकिस्तान ने गुरुवार रात आठ बजे आत्मघाती ड्रोन और मिसाइल से भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब और राजस्थान की सीमाओं पर हमला किया। भारत ने एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 से पाक के सभी ड्रोन को मार गिराया। वहीं, भारत ने पाक के एक एफ-16, दो जेएफ-17 और एक फाइटर जेट विमान को मार गिराया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि पाक के हमले में भारत को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने घटना की पूरी जानकारी दी। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा से जुड़े बलों के महानिदेशकों से बात की। इससे पहले बुधवार देर रात भी पाक ने ड्रोन से भारत पर हमला किया था। इसके जवाब में भारत ने गुरुवार दोपहर में भी पाकिस्तान के लाहौर, सियालकोट, करांची समेत नौ जगहों पर हार्पी ड्रोन से हमला किया। भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त कर दिया। उधर, पाक में गृह युद्ध की स्थिति बन गयी है। इमरान खान के समर्थक सड़कों पर उतर आये हैं।

## भारत ने पाक की सभी मिसाइल और ड्रोन हमलों को किया विफल

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार रात को जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में ड्रोन और मिसाइल से हमले किये। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए डिफेंस सिस्टम एस-400 से ड्रोन और मिसाइल मार गिरायीं। जानकारी के मुताबिक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पठानकोट में पाकिस्तान के फाइटर जेट को मार गिराया। जम्मू और पठानकोट पर सुसाइड ड्रोन से हमला हुआ। पाकिस्तानी ड्रोन ने जम्मू एयरपोर्ट और पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को निशाना बनाया, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के तीन फाइटर जेट को मार गिराया है। जैसलमेर में एफ-16 ध्वस्त किया गया। नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास कुपवाड़ा और बारामूला में पाकिस्तानी की ओर से भारी फायरिंग की। जिसका भारतीय सेना जवाब दिया। सतवारी, सांबा, आरएस पुरा सेक्टर और अरनिया में 8 मिसाइलें दागीं। जिन्हें भारत ने नाकाम कर दिया। कश्मीर। पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान ने गुरुवार को रात आठ बजे से फिर भारत पर हमाल करना शुरू किया। पाकिस्तान एफ-16 और सुसाइड ड्रोन से हमला शुरू किया। भारतीय एयर डिफेंस ने एफ-16 विमान मार गिराया। जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में भारतीय एयर डिफेंस ने दो पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराये। उधर, जम्मू पर सुसाइड ड्रोन से हमला किया। भारतीय एयर डिफेंस मिसाइलों ने सभी ड्रोन को मार गिराया। इस बीच जम्मू में रात आठ बजे से ही ब्लैकआउट कर दिया गया है। पाकिस्तान की तरफ से भारी शेलिंग चली। कई ड्रोन देखे गये हैं। आरएसपुरा सेक्टर में पाकिस्तान की तरफ से भारी शेलिंग की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कई जगह धमाके की आवाज आयी है। राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है। सरहदी राज्य पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान हाइ अलर्ट पर हैं।

## ■ भारत ने एस-400 से सभी ड्रोन हमलों को किया विफल



## पाक सेना चारों तरफ से घिरी



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान सेना चारों तरफ से घिर गयी हैं। एक तरफ जहां भारत से निपटना पड़ रहा है, वहीं, दूसरी तरफ बालूचिस्तान ने भी हमला बोल दिया है। राजनीतिक दल भी सक्रिय हो गये हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक सड़कों पुर उतर आये हैं। राजनीतिक दल के नेता पूछ रहे हैं कि आखिर भारतीय ड्रोन अंदर तक कैसे पहुंची। कहां है एयर डिफेंस स्सिटम।

## सीमावर्ती क्षेत्र में ब्लौक आउट

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** पाकिस्तान की तरफ से हो रहे हमलों को देखते हुए जम्मू में सीमा के पास रह रहे लोगों को बंकर में ले जाया गया है। पूरे कश्मीर में बिजली बंद कर दी गयी है। जम्मू, उधमपुर, किश्तवाड़, अखनूर, सांबा, श्रीनगर और अनंतनाग में ब्लैक आउट कर दिया गया। वहीं, राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर, पंजाब के चंडीगढ़, मोहाली, जालंधर, अमृतसर, होशियारपुर, गुरदासपुर, पठानकोट और तरनतारन, गुजरात के भुज, कच्छ और पाटण में ब्लैक आउट कर दिया गया है।

## भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाक के एयर डिफेंस सिस्टम को किया तबाह

**नयी दिल्ली/ इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारत ने गुरुवार को पाकिस्तान के लाहौर और कराची सहित 6 बड़े शहरों में इजरायली हार्पी ड्रोन से हमला किया और पाकिस्तान के एयर डिफेंस को तबाह कर दिया। इसके लिए एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और वायु रक्षा प्रणालियों का सहारा लिया गया था। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि गुरुवार सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया। भारत की प्रतिक्रिया पाकिस्तान की तरह ही तीव्रता के साथ उसी क्षेत्र में रही है। विश्वसनीय रूप से पता चला है कि लाहौर का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह हो चुका है।

उधर, पाक मीडिया के मुताबिक कराची के आर्मी बेस पर हुए धमाके के बाद पूरे क्षेत्र को सेना ने अपने कब्जे में ले लिया है। कराची, लाहौर, गुजरांवाला, चकवाल, घोटकी और उमरकोट में कुल 12 ड्रोन धमाके हुए हैं, जिससे कई इलाकों में इमरजेंसी जैसे हालात हैं। कराची के एक आर्मी बेस पर ड्रोन हमला हुआ, जिसके बाद सेना ने इलाके को सील कर लिया है। ब्लास्ट के बाद आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल है और सेना ने पूरे क्षेत्र को अपने नियंत्रण में ले लिया है।

### पाक के छह शहरों में ड्रोन से हमला

रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के छह प्रमुख शहरों कराची, लाहौर, गुजरांवाला, चकवाल, घोटकी और उमरकोट में ड्रोन धमाकों की पुष्टि हुई है। अकेले लाहौर में तीन धमाके दर्ज किये गये हैं, जिनमें से एक नेवी बेस के पास हुआ। इन हमलों के दौरान पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह फेल नजर आया। भारत के ड्रोन अटैक में रावलपिंडी का क्रिकेट स्टेडियम क्षतिग्रस्त हो गया है। रावलपिंडी में गुरुवार को कराची किंग्स और पेशवार जलमी के बीच होने वाला मैच रद्द कर दिया गया है।

## प्रधानमंत्री से मिले एनएसए डोभाल

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक हउई। डोभाल ने पीएम मोदी को पाकिस्तान के मिसाइल हमलों की पूरी जानकारी दी। पाकिस्तान की ओर से मिसाइलें दागने के बाद भारत ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। यह भी उन्हें बताया गया। इससे पहले गुरुवार सुबह भी अजीत डोभाल अचानक पीएम मोदी ने मिलने उनके आवास पर पहुंचे थे। उनके बीच यह बैठक करीब 50 मिनट तक चली थी।

## अमित शाह ने बॉर्डर की स्थिति की समीक्षा की

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा की स्थिति का जायजा लेने के लिए सीमा सुरक्षा से जुड़े बलों के महानिदेशकों से बातचीत की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मौजूदा हालात और जरूरी तैयारियों की समीक्षा की। इसके साथ ही अमित शाह ने सीआइएसएफके डायरेक्टर से भी बात की और देश के हवाई अड्डों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। गृह मंत्रालय लगातार हालात पर नजर बनाये हुए है।

## 'मिशन सिंदूर' अपडेट्स

■ भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान की 8 मिसाइलों को मार गिराया। एक पाकिस्तानी पायलट भारत की हिरासत में है। दो पायलट के मारे जाने की खबर।

■ भारत ने जवाबी कार्रवाई में अब तक 4 पाकिस्तानी फाइटर जेट मार गिराये हैं।

■ सुरक्षा कारणों से दिल्ली के इंडिया गेट को खाली कराया गया।

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस अनिल चौहान से बात की है। मौजूदा हालात की जानकारी ली।

■ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा बलों के महानिदेशक से सीमा की स्थिति का जायजा लिया।

■ भारत के जवाबी कार्रवाई बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। पाकिस्तान के दस शहरों में इमेर्जेंसी लागू कर दी गयी है।

■ जैसलमेर में भारत ने 30 मिसाइलों को मार गिराया।

■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को दी धमकी, कहा : एशिया का माहौल मत बिगाड़ो।

■ उधर ब्लूचिस्तान ने भी बीएलए पर रॉकेट लांचर से हमला कर दिया है।

■ भारत के सभी एयरपोर्ट हाइ एलर्ट पर हैं।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## पाकिस्तान हमले के बीच पंजाब-दिल्ली आइपीएल मैच रद्द

### ■ खिलाड़ियों को विशेष ट्रेन से निकाला गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के अटैक के चलते धर्मशाला के एचपीसीए मैदान पर खेले जा रहे पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच को रद्द कर दिया गया। बीसीसीआइ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि की है। प्लेयर्स और सपोर्ट स्टाफ को स्पेशल ट्रेन के जरिए धर्मशाला से निकाला गया है।

बीसीसीआइ के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने कहा कि धर्मशाला से सभी को निकालने के लिए हम विशेष ट्रेन का इंतजाम कर रहे हैं। टूर्नामेंट जारी रखने का फैसला कल (शुक्रवार) किया जायेगा। फिलहाल खिलाड़ियों की सेफ्टी सबसे ज्यादा जरूरी है। भारत-पाक टेंशन के बीच धर्मशाला में मैच होना भी संभव नहीं था।



पाकिस्तान के अटैक के बाद मैदान की सभी फ्लडलाइट्स बंद कर दी गयी। सभी फैंस को बाहर निकाल दिया गया है। मैदान से बाहर निकलते हुए फैंस ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाये। इधर, बीसीसीआइ ने आइपीएल के शेष मैचों के आयोजन के लिए आइपीएल कमेटी के साथ इमरजेंसी ऑनलाइन मीटिंग बुलायी है। मिली जानकारी के अनुसार, आपीएल होगा या नहीं इस पर फैसला शुक्रवार को लिया जायेगा।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com




आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# कैबिनेट : अब जिला स्तर पर होगी बालू घाटों की नीलामी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अब राज्य भर के कैटेगरी दो और तीन के 454 बालू घाटों की नीलामी का अधिकार झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड (जेएसएमडीसी) से ले लिया गया है। अब इन बालू घाटों की नीलामी जिला प्रशासन करेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने झारखंड सैंड माइनिंग रूल्स - 2025 के गठन की स्वीकृति दी है। गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव की स्वीकृति दी गयी। प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 34 प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी।

बता दें कि राज्य भर में जेएसएमडीसी की ओर से बालू खनन करने पर राज्य के लोगों को बालू सहज रूप से नहीं मिल पा रहा था। इससे कई सरकारी योजनाएं प्रभावित हो रही थीं। साथ ही निजी क्षेत्र में भी काम प्रभावित हो रहा था। लोग एक हाइवा बालू 40 हजार से 45 हजार रुपये में लेने पर विवश थे। आम लोगों में आसानी से सस्ती दर पर बालू नहीं मिलने से आक्रोश था।

**उग्रवादियों की गिरफ्तार करने की नीति में संशोधन :** कैबिनेट ने कुख्यात उग्रवादी, नक्सलियों और कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुरस्कार राशि घोषित करने की नीति में संशोधन की स्वीकृति दी है। इसके तहत तहत नक्सली और अपराधियों को पांच श्रेणी विभाजित करते हुए अलग-अलग इनाम की राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी सचिव, पोलित ब्यूरो के सदस्य, केंद्रीय कमेटी सदस्यों के लिए एक करोड रुपये की इनाम राशि, स्पेशल एरिया सदस्य, रीजनल ब्यूरो सदस्यों के लिए 25 लाख, रीजनल कमेटी सदस्यों के लिए 10 लाख, सब जोनल कमेटी सदस्यों के लिए पांच लाख, कमांडर स्तर के नक्सलियों के लिए दो लाख तथा एलजीएस दस्ता के सदस्यों के लिए एक लाख रुपए की ईनाम राशि तय की गयी है। उपर्युक्त ईनाम राशि की स्वीकृति मुख्यमंत्री से लेकर पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों की ओर से दी जायेगी। इसके तहत 10 लाख से अधिक की राशि के ईनाम की राशि मुख्यमंत्री देंगे।

**राज्यकर्मियों का बढ़ा महंगाई भत्ता :** कैबिनेट ने राज्य सरकार के कर्मियों के महंगाई भत्ता में वृद्धि करने का निर्णय लिया। इन कर्मियों को एक जनवरी 2025 से 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। पूर्व में यह 53 प्रतिशत था। यह लाभ राज्य के पेंशन भोगियों को भी मिलेगा।



## डीएसपीएमयू का बदला नाम

विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर बुद्धु भगत विश्वविद्यालय करने का फैसला लिया गया है।

## कैबिनेट के अन्य फैसले

- झारखंड ग्रामीण पेयजलापूर्ति (संचालन एवं संपोषण) नीति-2025 के गठन की स्वीकृति दी गयी।
- केंद्र प्रायोजित वन स्टॉप सेंटर योजना के तहत सात अतिरिक्त नये वन स्टॉप सेंटर के संचालन की मंजूरी दी गयी।
- प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के तहत राज्य अंतर्गत पार्टिकुलरली वल्नरेबल ट्राइबल ग्रुप (पीवीजीटी) बहुल क्षेत्रों में 275 आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थापना होगी। इन केंद्रों का संचालन और इनमें भवन निर्माण की भी मंजूरी दी गयी।
- एचआरएमएस के अंतर्गत विकसित विजिलेंस क्लीयरेंस इंफॉर्मेशन (वीसीआइएस) के माध्यम से निगरानी स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त करने की स्वीकृति दी गयी।
- राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन संचालित दो आश्रम विद्यालयों को टेन प्लस टू तक उत्क्रमित करने की स्वीकृति दी गयी।
- रिम्स के अधीन कार्यरत सरकारी सहायक प्राध्यापकों को सह-प्राध्यापक के पद पर दी गयी प्रोन्नति के लिए सह-प्राध्यापक और सह-प्राध्यापकों को प्राध्यापक के पद पर प्रोन्नति देने के लिए के लिए प्राध्यापक के छाया पदों के सृजन की मंजूरी दी गयी ।
- स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत झारखंड फार्मासिस्ट संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्त्त) नियमावली-2025 के गठन करने का निर्णय लिया गया।
- झारखंड सेवा संहिता के नियम को क्षांत करते हुए स्वर्गीय अरविंद कुमार, सेवानिवृत्त परिवार कल्याण कार्यकर्ता, ईचागढ़ के 17 वर्षों के अनुपस्थित अवधि को असाधारण अवकाश के रूप में नियमित करने का निर्णय लिया गया।
- हाइकोर्ट के आदेश पर अधिग्रहित प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज के स्नातक प्रयोगशाला सहायकों को प्रयोग प्रदर्शक (डेमोंस्ट्रेटर) नामित करने और यूजीसी वेतनमान देने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड अवर शिक्षा सेवा संवर्ग (प्राथमिक शाखा) के पदाधिकारियों को राज्य शिक्षा सेवा वर्ग-2 (निरीक्षी शाखा) के पद पर भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति की स्वीकृति दी गयी ।
- भापुसे की स्वर्गीय संगीता कुमारी के एयर एम्बुलेंस में हुए छह लाख 40 हजार रुपये के व्यय राशि देने का निर्णय लिया गया।
- राज्य के सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के स्थानांतरण नीति में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड राज्य पुलिस सेवा नियमावली-2012 (यथासंशोधित) में किये गये संशोधन की घटनोत्तर मंजूरी दी गयी।
- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत अनुसंधान के लिए अनुसंधानकर्ता को मोबाइल फोन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जारी संकल्प में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड राजमार्ग फीस (दरों का निर्धारण एवं संग्रहण) संशोधन नियमावली-2021 के संशोधन करने का फैसला लिया गया।
- राज्य के अवस्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग, फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज, दुमका और मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू में सुपर स्पेशियलिटी के विभिन्न विभागों में शैक्षणिक संवर्ग के कुल 168 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी।
- राज्य में अगले पांच वर्षों के लिए मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना को चरणबद्ध तरीकों से सभी चिकित्सा महाविद्यालयों, जिला अस्पतालों, अनुमंडल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य उपकेंद्रों में लागू किए जाने के लिए 299 करोड 30 लाख रुपये की मंजूरी दी गयी।
- रजनीश कुमार पांडेय-बनाम-भारत सरकार और अन्य में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित आदेश पर विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा देने के लिए संविदा पर कार्यरत रिसोर्स पर्सन पर निर्णय के लिए स्क्रीनिंग कमेटी के गठन करने का निर्णय लिया गया।
- राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), में क्षेत्रीय नेत्र संस्थान की स्थापना के लिए विभिन्न स्तर के कुल 103 पदों के सृजन करने का निर्णय लिया गया।
- पथ प्रमंडल, गढ़वा के गढ़वा-चिनिया पथ 26 किमी के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और पुनर्निर्माण के लिए 123 करोड 14 लाख 82 हजार रुपये देने की मंजूरी दी गयी।
- राज्य संचालित कंबल और वस्त्र वितरण योजना के क्रियान्वयन में आंशिक संशोधन का फैसला लिया गया।
- झारखंड राज्य के जीएसटी निबंधन प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता के लिए झारखण्ड पथ निर्माण संवेदक निबंधन नियमावली-2008 तथा पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत कार्यों के कार्यान्वयन निमित्त वर्तमान में प्रवृत्त एफ-दो कान्ट्रैक्ट डॉक्यूमेंट और स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट में संशोधन का निर्णय लिया गया।
- झारखंड राज्य पुलिस ट्रेड संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति और अन्य सेवा शर्त) नियमावली-2025 के गठन की मंजूरी दी गयी।

# डॉ भारती कश्यप ने अमेरिकन नेत्र सोसाइटी के कॉन्फ्रेंस में दो रिसर्च पेपर पेश किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की जानी-मानी नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ भारती कश्यप ने अमेरिकन नेत्र सोसाइटी के वार्षिक कॉन्फ्रेंस में 2 रिसर्च पेपर पेश किये। कॉन्फ्रेंस में शामिल होने वाली डॉ भारती कश्यप झारखंड की एकमात्र डॉक्टर हैं। कॉन्फ्रेंस का आयोजन 25 से 28 अप्रैल तक अमेरिका के कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में हुआ था। डॉ भारती ने विश्व के कई देशों से आये नेत्र विशेषज्ञों के समक्ष नेत्र चिकित्सा के जटिल विषयों पर 2 साइंटिफिक रिसर्च पेपर पेश किये।

डॉ भारती कश्यप ने बताया कि लॉस एंजिलिस में आयोजित अमेरिकन सोसाइटी ऑफ कैटरेक्ट एंड रिफ्रैक्टिव सर्जरी के वार्षिक कॉन्फ्रेंस में उन्होंने 2 रिसर्च पेपर पेश किये। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर में कुछ ऐसी बीमारियां होती हैं, जैसे सूडो एक्सफोलिएशन, जिसमें मोतियाबिंद ग्लूकोमा के साथ-साथ हाई सिलेंडर पावर भी होता है। ऐसी स्थिति में मरीज को मोतियाबिंद, ग्लूकोमा की सर्जरी के साथ-साथ टोरिक लेंस का प्रत्यारोपण भी सेम सीटिंग में करना जरूरी होता है।

**सिलेंडर पवर को हटाने के 3 तरीके बताये :** उन्होंने विश्व के अलग-अलग हिस्से से आये डॉक्टरों को बताया कि इस सिलेंडर पावर को हटाने के 3 तरीके हैं। लेजर से कॉर्निया पर चीरा लगाना, इमेज गाइडेड सिस्टम के सहयोग से कॉर्निया पर चीरा लगाना या टोरिक लेंस का प्रत्यारोपण करना। 6 महीने बाद किस पद्धति से रिजल्ट ज्यादा अच्छा होता है, इसे देखने की बाद फैसला करकना चाहए कि कौन सी विधि अपनायी जाये। डॉ भारती कश्यप ने कहा कि मुझे खुशी है कि अमेरिकन नेत्र कॉन्फ्रेंस में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला।



### टोरिस लेंस के प्रत्यारोपण से खत्म हो जाता है सिलेंडर पावर

डॉ भारती कश्यप ने कहा कि मरीज बार-बार सर्जरी कराने से बचना चाहते हैं और टोरिक लेंस के प्रत्यारोपण से ऑपरेशन के बाद सिलेंडर पावर खत्म हो जाता है। दूर की चीजों को देखने के लिए चश्मे पर निर्भरता खत्म हो जाती है। विजन की क्वालिटी भी बहुत अच्छी होती है। उन्होंने कहा कि रांची में कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में हमलोगों ने इसके लिए एक फॉर्मूला विकसित किया और उसकी ही प्रस्तुति अमेरिका की नेत्र सोसाइटी के एनुअल कॉन्फ्रेंस में दी।

### डॉ भारती कश्यप के दूसरे रिसर्च पेपर को मिली सराहना

डॉ भारती कश्यप के दूसरे रिसर्च पेपर को दुनिया भर के डॉक्टरों ने सराहा। इस पेपर में उन्होंने दुनिया को बताया कि भारत में 40 से 50 प्रतिशत लोगों को एक डायेप्टर तक का सिलेंडर पॉवर होता है। अगर मोतियाबिंद ऑपरेशन के समय इसे नहीं हटाया गया, तो ऑपरेशन के बाद दूर की दृष्टि के लिए सिलेंडर पावर लगता है। नजर की क्वालिटी भी बहुत अच्छी नहीं रह जाती।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिस्थिति में सुधार,महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ,शुभ समाचार मिलेगा।

**वृष** प्रेम प्रसंग में सफलता,विरोधियों पर विजय,पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**मिथुन** व्यावसायिक स्थिति में निरन्तर मजबूती बढेगी,शत्रु पराभूत होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा।

**कर्क** राजनीतिक लाभ,अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

**सिंह** धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

**कन्या** संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी,इच्छित कार्य में सफलता,मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिन्ताओं से मुक्ति मिलेगी, विशिष्टजनों से सम्पर्क होगा।

**वृश्चिक** जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी,चल-अचल सम्पत्ति से लाभ होगा।

**धनु** सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा, उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी।

**मकर** कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

**कुंभ** जमीन-मकान,आवास,वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझने दूर होंगी।

**मीन** कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा,स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आधिकारिक यात्रा पर मास्को पहुंचे, विजय दिवस परेड में होंगे शामिल



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार की ओर से आधिकारिक दौरे पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रूस की राजधानी मास्को पहुंच गए हैं। मास्को आगमन पर भारत के राजदूत विनय कुमार और रूस के रक्षा मंत्रालय के मेजर जनरल ओलेग मोलेसेव ने उनका औपचारिक स्वागत किया। मंत्री संजय सेठ 9 मई को मास्को में आयोजित होने वाली विजय दिवस परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान वे रूस के शीर्ष रक्षा अधिकारियों से मुलाकात समेत कई अहम बैठकों में भी हिस्सा लेंगे। विजय दिवस परेड द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत विजय की स्मृति में हर साल मनाया जाता है और यह रूस का एक प्रमुख सैन्य आयोजन माना जाता है।

## पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की मीटिंग स्थगित की गयी, अमित शाह का रांची दौरा रद्द

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के होटल रेडिसन ब्लू में 10 मई को प्रस्तावित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक स्थगित कर दी गई है। इस बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नौ मई को ही रांची आने वाले थे। भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव के कारण व्यस्त कार्यक्रमों के चलते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दौरा रद्द होने से बैठक भी स्थगित कर दी गयी है। बैठक की नयी तिथि की फिलहाल घोषणा नहीं हुई है। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के मद्देनजर राज्य सरकार ने तैयारियां पूरी कर ली थी। अतिथियों के आने-जाने वाले रास्ते में होर्डिंग-पोस्टर आदि लगा दिये गये थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पारस हॉस्पिटल में नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप कल



रांची (आजाद सिपाही)। पारस हॉस्पिटल एचइसी में आगामी 10 मई शनिवार को नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप सुबह 10 बजे से अपराह्न दो बजे तक लगेगा। इस हेल्थ कैंप में अस्पताल के विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क ओपीडी परामर्श प्रदान किया जायेगा। साथ ही, हड्डी और फेफड़े की जांच, बीपी और ब्लड शुगर टेस्ट भी पूरी तरह नि:शुल्क किए जायेंगे। डॉक्टरों की सलाह पर यूएसजी (अल्ट्रासाउंड) और इसीजी जांच भी नि:शुल्क करायी जायेगी। इसके अलावा अन्य डायग्नोस्टिक एवं लैब टेस्ट पर 50 प्रतिशत की छूट दी मिलेगी। कैंप का लाभ उठाने के लिए 8080808069 पर पंजीकरण कराना होगा। यह जानकारी पारस हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ कौशिक राय ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि पारस हॉस्पिटल का उद्देश्य है कि आम जनता को समय-समय पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाये और उन्हें प्राथमिक जांच की सुविधाएं दी जायें, जिससे बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सके। प्रेस वार्ता को डॉ विवेक डेविड, डॉ विकास आनंद, डॉ संजीव कुमार, डॉ अशोक वैद्य, डॉ ओमकार झा आदि ने भी कैंप से संबंधित जानकारी दी। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि मरीजों के प्रति अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए पारस हॉस्पिटल हमेशा नि:शुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन करती रहती है। इस कैंप का लाभ आम लोगों को लगातार मिल रहा है। इसी कड़ी में 10 मई शनिवार को नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

### स्कूलों को मिला पंखा और ड्यूल डेस्क



रांची (आजाद सिपाही)। समुदाय विकास के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अरगडा क्षेत्र ने अपने कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत दो स्थानीय स्कूलों में पंखों और ड्यूल डेस्क का वितरण किया। इस पहल के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर, सिरका को 60 ड्यूल डेस्क और 15 सीलिंग पंखे तथा डीएवी पब्लिक स्कूल, गिद्दी-ए को 40 ड्यूल डेस्क और 15 पंखे प्रदान किये गये। कुल मिला कर 100 ड्यूल डेस्क और 30 पंखों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों के लिए बेहतर बैठने की व्यवस्था और वेंटिलेशन सुनिश्चित कर उनके सीखने के वातावरण को अधिक अनुकूल बनाना है। यह अरगडा क्षेत्र द्वारा स्थानीय स्कूलों में बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति किये जा रहे निरंतर प्रयासों का एक हिस्सा है। सीसीएल की यह पहल न केवल छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि यह कंपनी की स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाने और युवाओं के भविष्य में निवेश करने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

### टेंडर हार्ट के विद्यार्थियों ने एमिटी यूनिवर्सिटी के मंच पर बिखेरा जलवा



रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट के विद्यार्थियों ने एमिटी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे विद्यालय परिवार को गौरव और उत्साह से भर दिया। 5 से 7 मई तक आयोजित भव्य वार्षिकोत्सव में टेंडर हार्ट के विद्यार्थियों ने डुएट डांस में प्रथम स्थान तथा ग्रुप डांस में द्वितीय स्थान प्राप्त कर एमिटी यूनिवर्सिटी के मंच पर अपनी अलग छाप छोड़ी। गौरतलब है कि इस सांस्कृतिक महोत्सव में रांची के दर्जनों प्रतिष्ठित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। टेंडर हार्ट के चेयरमैन सुधीर तिवारी ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा की टेंडर हार्ट के बच्चे केवल अंक नहीं लाते, वे संस्कार, सृजनशीलता और आत्मविकास में भी सबसे आगे होते हैं। इस प्रदर्शन से टेंडर हार्ट यह सिद्ध करता है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि कला और संस्कृति का समग्र उत्सव है। मौके पर टेंडर हार्ट की प्राचार्या उषा किरण झा, निदेशक जे मोहंती और उप प्राचार्या शिवांगी शुक्ला समेत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व प्रकट करते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### दुनिया के देश पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करें : राजेंद्र



रांची (आजाद सिपाही)। पाकिस्तानी सेना लगातार एलओसी के पास के गांवों को निशाना बना रहा है। तोप और मोर्टार से हमला कर निर्दोष भारत की आम जनता की हत्या कर रहा है, जबकि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान में सिर्फ आंतकवादी अड्डे को निशाने पर लिया है। प्रसाद ने कहा कि पहलगाम में बेगुनाह पर्यटकों को पाकिस्तान से आये आतंकवादियों ने हत्या कर घृणित और अक्षम्य काम किया है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि दुनिया पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करे।

## त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस में आरपीएफ ने आठ देसी पिस्तौल और 16 मैगजीन बरामद की



अगरतला (आजाद सिपाही)। रेलवे सुरक्षा बल ने त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 14620) में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियारों की तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। बदरपुर से अगरतला के बीच सफर के दौरान, आरपीएफ की ट्रेन एस्कॉर्ट टीम ने जनरल कोच की तलाशी के दौरान दो संदिग्ध पिट्ठू बैग जब्त किये। इनमें से आठ हस्तनिर्मित देसी पिस्तौल और 16 मैगजीन रखा हुआ था। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार अगरतला पोस्ट के सुरक्षाकर्मी वर्तमान सुरक्षा स्थिति को देखते हुए गहन निगरानी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान जनरल कोच की ऊपरी सीट पर छोड़े गये दो बैगों की जांच की गयी। बैगों में भूरे रंग के सेलो टेप में लिपटे हथियार पाये गये।

## झामुमो ने आज का प्रस्तावित राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम स्थगित किया



रांची (आजाद सिपाही)। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने सरना आदिवासी धर्मकोड को जनगणना कॉलम में शामिल कराने की मांग को लेकर 9 मई को प्रस्तावित राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने गुरुवार को कैंप कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के माध्यम से बताया कि देश की सीमाओं पर उत्पन्न स्थिति को देखते हुए पार्टी ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि वीर भूमि झारखंड अपनी पूरी ताकत के साथ देश के बहादुर जवानों के साथ खड़ा है। सीमा पार से संचालित आतंकवाद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों, सचिवों और केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों को राज्यव्यापी आंदोलन को लेकर दिया गया निर्देश वापस ले लिया गया है।

## बीआइटीटी पॉलिटेक्निक के छात्रों का हिताची एस्टेमो में 70 से अधिक छात्रों का चयन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के बीआइटीटी पॉलिटेक्निक में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है, जब संस्थान के छात्रों सहित झारखंड राज्य के विभिन्न पॉलिटेक्निक संस्थानों के छात्रों का चयन हिताची एस्टेमो जैसी प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी कंपनी में हुआ है। हिताची एस्टेमो द्वारा आयोजित मेगा कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव में राज्य भर से 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 70 से अधिक प्रतिभाशाली छात्रों का चयन तकनीकी एवं प्रोडक्शन से जुड़े विभिन्न पदों के लिए किया गया। संस्थान के प्राचार्य ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्थान की बड़ी उपलब्धि है और इससे सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव और भी सुदृढ़ हुई है। अब चयनित छात्र हिताची एस्टेमो के साथ अपने करियर की नयी शुरुआत करेंगे, जहां उन्हें वैश्विक स्तर पर आधुनिक तकनीकों के साथ कार्य करने का अवसर मिलेगा। बीआइटीटी पॉलिटेक्निक ने भविष्य में और भी बड़े स्तर पर रोजगार मेले एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करने का प्रतिबद्धता जताया है, जिससे छात्रों को उद्योग की अपेक्षाओं के अनुसार तैयार किया जा सके और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

## एक्वा वर्ल्ड ने थल सेना, नौसेना और वायु सेवा के पराक्रम को दिखाने वाले सेल्फी प्वाइंट बनाया



रांची (आजाद सिपाही)। एक्वा वर्ल्ड समूह के अध्यक्ष प्रतुल शाहदेव ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत के वायु सेवा ,नौसेना और थल सेना के पराक्रम को देखते हुए एक्वा वर्ल्ड में 'मां तुझे सलाम' नाम का सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। इसमें तीनों सेनाओं के पराक्रम की झलक दिखेगी। टैंक, आईएनएस विक्रांत, आर्मी का कमांडो, राफेल आदि से जुड़े सेल्फी प्वाइंट है। उन्होंने कहा कि 9 और 10 मई को सभी रांचीवासियों के लिए एक्वा वर्ल्ड में निशुल्क प्रवेश होगा। इसके अतिरिक्त एक सिग्नेचर बूथ भी बनाया गया, जहां लोग 'हम सब भारत के साथ हैं' की थीम पर अपना हस्ताक्षर करेंगे। प्रतुल शाहदेव ने बताया कि इस बार गर्मियों के विभिन्न रविवारों में भी 'अनेकता में एकता' थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। अलग-अलग रविवारों को झारखंड, राजस्थान, बंगाल और पंजाब के संस्कृति और परंपरा को दिखाने वाले कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम श्रृंखला की शुरुआत 11 मई को मदर्स डे से होगा, जिसमें सेना से जुड़ी माताओं को सम्मानित भी किया जायेगा।

## श्री श्याम मंदिर में मोहिनी एकादशी उत्सव धूमधाम से मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को मोहिनी एकादशी उत्सव अत्यंत धूमधाम एवं भग्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर रजनीगंधा, गुलाब, बेला , गेंदा, तुलसीदल की मालाओं से श्री श्याम प्रभु का श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवम बजरंगबली का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि नौ बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्वलित की गयी। श्री श्याम तुम्हारे कदमों में हम नजर बिछाए बैठे हैं... हारे का सहारा है बाबा श्याम हमारा... अपने दिल का हाल सुनावन आयां हां... बस इतनी तमन्ना है हे श्याम तुम्हें देखूं... इत्यादि मधुर भजनों की लय पर भग्तगण श्री श्याम प्रभु को रिझाते रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा और केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में गोपी किशन ढांढनियां, ओम जोशी, रमेश सारस्वत, बालकिशन पररमपुरिया, नितेश लाखोटिया, चंद्र प्रकाश बगला, धीरज बंका, अभिषेक डालमिया, राजेश सारस्वत, विकास पाडिया का विशेष सहयोग रहा।

## श्री श्याम मंदिर का नवम स्थापना महोत्सव



रांची (आजाद सिपाही)। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को मोहिनी एकादशी के विशेष दिन के अवसर पर सुबह पांच बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह के प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती 8:30 बजे में भक्तगण अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में हजारों की संख्या में श्याम भक्त अपनी अर्जी लगाते हैं। भक्तों द्वारा चढ़ायी गयी अर्जियों को श्याम मंदिर के आचार्य गण एक-एक करके एकादशी की रात बाबा श्याम को सुनाते हैं। जो भी श्याम भक्त बाबा को सच्चे मन से अपनी अर्जी लगाते हैं, बाबा उनकी अर्जी जरूर सुनते हैं। एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है।

## अनगड़ा में हाथियों के डर से सहमे ग्रामीण : मुस्तफा अंसारी

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत बीते दिनों सिरका पंचायत के एक युवक को जंगली हाथी ने घायल कर दिया था। स्वर्णरेखा हॉस्पिटल में इलाजरत युवक प्रणव महतो का हाल जानने सामाजिक कार्यकर्ता सह समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंसारी पहुंचे। मुस्तफा अंसारी ने कहा कि वन विभाग घायल युवक का पूरा खर्च मुआवजा के रूप में दे चुकी यह घटना से युवक को काफी नुकसान हुआ है, जिसे देखते हुए उन्हें मुआवजा दिया जाये। आगे अंसारी ने कहा कि अनगड़ा प्रखंड अन्तर्गत इलाके में चार हाथी घुस गये है, जिन्हें जल्द से जल्द वन विभाग कड़ी कार्रवाई करते हुए हाथियों को जंगल की ओर भेजे। चुकी हाथियों का प्रखंड के विभिन्न गांवों में घूमने से लोगों के अंदर में डर का माहौल बना हुआ हैं।

OPERATION SINDOOR CONTINUES

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 09 मई, 2025, शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 198, वैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

### प्रधानमंत्री ने विभागीय सचिवों को दिया निर्देश

## सतर्क रहें और संवाद बनाये रखें: नरेंद्र मोदी

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद सचिवों के साथ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने हालात को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी घटनाओं और तैयारियों की समीक्षा के लिए गुरुवार को विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों के साथ बैठक की। बैठक में कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा, गृह, विदेश, सूचना एवं प्रसारण, ऊर्जा, स्वास्थ्य और दूरसंचार सहित प्रमुख मंत्रालयों के सचिवों ने हिस्सा लिया।



पीएम ने विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों से कहा कि अपनी मिनिस्ट्री के ऑपरेशंस का विस्तार से समीक्षा करें। साथ ही जरूरी सिस्टम, हर समय तैयार रहने, इमरजेंसी रिस्पॉन्स और इंटरनल कम्युनिकेशन प्रोटोकॉल बनाये रखें। उन्होंने कहा कि सतर्क रहें और कम्युनिकेशन बनाये रखें। आपस में समन्वय रखें। सरकार देश और लोगों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। पीएम मोदी ने नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने, गलत सूचना और फर्जी खबरों से निपटने के प्रयास, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने आदि बातों का जिक्र किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि मंत्रालयों को राज्य प्राधिकारियों और जमीनी स्तर के संस्थानों के साथ निकट समन्वय बनाए रखना जरूरी है।

## अचानक दिल्ली पहुंचे सऊदी अरब के मंत्री, ईरानी विदेश मंत्री भी आये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। दुनियाभर के देश शांति बरतने की अपील कर रहे हैं। इस बीच सऊदी अरब के विदेश राज्यमंत्री अदेल अलीजुबैर अचानक से दिल्ली पहुंचे हैं। सऊदी अरब के मंत्री के इस दौरे को भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। सऊदी अरब के मंत्री ने नयी दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की।



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि आज सुबह सऊदी अरब के विदेश राज्यमंत्री अदेल अलजुबैर के साथ अच्छी बैठक हुई। आतंकवाद का दृढ़ता से मुकाबला करने पर भारत के दृष्टिकोण को साझा किया। सऊदी अरब के विदेश राज्यमंत्री के अलावा ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची बुधवार की मध्य रात्रि नयी दिल्ली पहुंचे और एस जयशंकर से मुलाकात की।

## विदेश सचिव ने पाकिस्तान का मुखौटा उतारा तस्वीर दिखा बता डाला आतंक परस्त है पाक

- विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने दी जानकारी
- बताया कि भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के एयर सिस्टम को ध्वस्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार शाम 5.30 बजे लगातार दूसरे दिन प्रेस कांफ्रेंस की। इसमें बुधवार की तरह विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं। विदेश मंत्रालय की ओर से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चल रही कार्रवाई की जानकारी दी गयी। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान जन्म से ही झूठा है। उनका चेहरा पूरे विश्व के सामने आ गया है। पाकिस्तान ने राजकीय सम्मान देकर आतंकियों का जनाजा निकाला।

**भारत तनाव नहीं बढ़ाया, केवल जवाब दे रहा:** कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने 7 मई की रात भारत में कई ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से हमले का प्रयास किया। अवंतिपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज पर अटैक को भारत ने नाकाम कर दिया। इन जगहों पर बरामद मलबा पाकिस्तानी हमले की पुष्टि करते हैं। इसके बाद गुरुवार सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के कई ठिकानों पर एयर सिस्टम को निशाना बनाया। इंडियन अटैक में लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम को नाकाम कर दिया गया। पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर अकारण गोलीबारी तेज कर दी है। कुपवाड़ा, बारामूला, मेंढर और पुंछ में भारी गोलाबारी की जा रही है। इसमें 16 लोगों की जान गयी। इनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल थे। भारत ने इसका जवाब दिया। हम तनाव बढ़ाना नहीं चाहते हैं। भारत केवल जवाब दे रहा और आगे भी हर हमले का जवाब देगा।

**पाकिस्तान ने टीआरएफ की भूमिका का विरोध किया था:** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में पहलगाम के बारे में बातचीत चल रही थी, तब पाकिस्तान ने द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की भूमिका का विरोध किया था। ऐसा तब हुआ जब टीआरएफ ने एक बार नहीं, बल्कि दो बार हमले की जिम्मेदारी ली। कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर सिंह ने कल और आज भी साफ तौर पर कहा कि भारत की प्रतिक्रिया गैर-बढ़ाने वाली, सटीक और नपी-तुली है। हमारा इरादा मामले को बढ़ाने का नहीं है और हम केवल बढ़ोतरी का जवाब दे रहे हैं। किसी भी सैन्य लक्ष्य को निशाना नहीं बनाया गया है, केवल पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया है।

### विदेश सचिव ने आतंकियों के जनाजे की तस्वीर दिखाकर पूछा- यहां सेना का क्या काम



विदेश सचिव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में केवल आतंकी इमारतें ही टारगेट थीं। पाकिस्तान दावा कर रहा है कि भारत के ऑपरेशन में सिर्फ आम नागरिक मारे गये। वहां आतंकवादियों के अंतिम संस्कार की तस्वीरें देखिये। अगर आम नागरिक मारा गया है तो अफसरों की फौज आतंकी हाफिज अब्दुल राउफ के साथ क्यों आयीं। आतंकवादियों के शव को पाकिस्तानी झंडे में लपेटा गया था। उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार पूरी सच्चाई बयां करता है। पाकिस्तान का दावा पूरी तरह से झूठा है। हमने जिन्हें टारगेट बनाया उनमें कुछ ऐसी इमारतें थीं, जहां कट्टरता की ट्रेनिंग दी जाती थी और इन्हें धार्मिक इमारतों की आड़ में छिपाया जाता था।

### पाकिस्तान ने गुरुद्वारे पर हमला किया

विदेश सचिव ने कहा कि सीजफायर वॉयलेशन के दौरान पाकिस्तान ने सिख गुरुद्वारे पर हमला किया। पाकिस्तानी फायरिंग में 16 नागरिक मारे गये और 59 लोग घायल हैं। पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने 16 अप्रैल को भाषण दिया था, जो पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगी हुई थी। भारत में सभी धर्मों के लोग बराबरी से रहते हैं। पूरी दुनिया ने पहलगाम हमले की निंदा की है। भारत ने सिर्फ जवाब दिया, पहलगाम हमला वो चीज थी, जिसने तनाव बढ़ाया। पाकिस्तान सिर्फ प्रोपेगैंडा फैला रहा है।

### भारत ने 6 दशक तक सिंधु जल समझौते को माना

विक्रम मिसरी ने कहा कि पिछले दो साल से भारत सरकार पाकिस्तान से बात कर रही है। उन्हें नोटिस भेजकर सिंधु समझौते में कुछ मॉडिफिकेशन की बात की है। हमने 6 दशक तक इस समझौते का सम्मान किया। तब भी, जब पाकिस्तान ने हमसे जंग की। पाकिस्तान ने इस समझौते की शर्तें तोड़ी हैं। हमें हमारे अधिकारों का इस्तेमाल करने से रोका गया। भारत की सहनशीलता है जो सिंधु समझौते को 65 साल से निभा रहे हैं। पाकिस्तान ने हमारी अपील पर कोई ध्यान नहीं दिया। यह संधि 50-60 के दशक में हुई थी। टेक्निकल चेंज, डेमोग्राफिक चेंज पर ध्यान देना होगा। आतंकी हमलों के चलते इस समझौते में दिक्कतें आयीं। इसके बाद भारत ने इस संधि को रद्द करने का फैसला लिया।

### रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक

## पाक के खिलाफ ऑपरेशन अभी जारी है: राजनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलायी। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। उन्होंने सभी दलों को ऑपरेशन सिंदूर से अवगत कराया। सूत्रों के मुताबि बैठक में राजनाथ ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, यह अब भी जारी है। राजनाथ सिंह ने इस बैठक में कहा कि ऑपरेशन अभी चल रहा है और बॉर्डर पर हालात तेजी से बदल रहे हैं, इसलिए हम अभी बहुत विस्तार से बातों को साझा नहीं कर पायेंगे। उन्होने



आपरेशन सिंदूर के बारे में विपक्षी दल के नेताओं को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के नौ आंतकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकी मारे गये।

कांग्रेस ने इस बार फिर प्रधानमंत्री की उपस्थिति का मुद्दा उठाया, लेकिन सभी पार्टियों ने यह कहा कि हम सरकार के निर्णय के साथ हैं। कांग्रेस ने कहा था कि प्रधानमंत्री को बैठक में आना चाहिए था। इसके अलावा विपक्ष ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग भी की। इस सर्वदलीय बैठक में सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, एस जयशंकर, जेपी नड्डा और निर्मला सीतारमण ने हिस्सा लिया। वहीं कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे इस बैठक में शामिल हुए। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, द्रमुक के टी आर बालू, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले, बीजद के सस्मित पात्रा, माकपा के जॉन ब्रिटास, जद (यू) नेता संजय झा, केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) नेता चिराग पासवान और एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी बैठक में शामिल हुए।

## रांची एयरपोर्ट पर सुरक्षा चाक-चौबंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर ' से पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। दूसरी तरफ संभावित खतरों से निपटने के लिए भारत में सभी प्रमुख जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था चौक-चौबंद कर दी गयी है। इस क्रम में रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भी चौकसी बढ़ा दी गयी है। एयरपोर्ट के एंट्री गेट के बाहर भी पैसेंजर के सामान की जांच हो रही है। इस काम में सीआइएसएफ की टीम स्निफर डॉग की मदद ले रही है। एयरपोर्ट पर होनेवाली हर छोटी से छोटी गतिविधि पर भी पैनी नजर रखी जा रही है।

बता दें कि रांची एयरपोर्ट से हर दिन औसतन 25 से 27 विमान अलग-अलग शहरों के लिए उड़ान भरते हैं। यहां से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, पटना, पुणे से लिए सीधी विमान सेवा उपलब्ध है। रांची एयरपोर्ट के निदेशक आरआर मौर्य ने बताया है कि रांची से उड़ान भरने वाली कोई भी फ्लाइट कैंसिल नहीं हुई है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. एवं अपलोडिंग की तारीख: ई-डीवाई-डब्ल्यूडब्ल्यू-5000-डोर-2025, दिनांक 06.05.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन)/ खड्गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु मद के समक्ष उल्लेखित तारीख को अपराह्न 03.00 बजे से पहले खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा अपराह्न 03.00 बजे खोली जाएगी: **कार्य का नाम:** बीओएक्सएन वैगनों के दरवाजों को अवरुद्ध करना एवं ऊंचाई कम करना। **कार्य की अनुमानित लागत:** 18% की दर से जीएसटी सहित रु. 7,15,77,340.91; **बयाना राशि:** रु. 5,07,900; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 28.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं ब्यौरा: www.ireps.gov.in।** इच्छुक निविदादातागण निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **(PR-134)**

## बिहार में 12 बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा, लड़की हुई तो उसे 'सिंदूरी' नाम दिया

**मां बोली-फौज में भेजूंगी, वह देश की सेवा करेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' की रात बिहार के मुजफ्फरपुर में जन्मे 12 नवजात का नाम उनके परिवारों ने 'सिंदूर' रखा है। वहीं, कटिहार का परिवार अपनी बेटी को 'सिंदूरी' बुलायेगा। पहलगाम हमले का बदला लेते हुए भारत ने 6-7 मई की दरमियानी रात पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक थी। इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया



गया है। कटिहार में जन्मी बच्ची सिंदूरी के परिजन का कहना है कि पाकिस्तान पर हमले और उसी दिन उसी दिन बेटी के जन्म से वे सभी बेहद खुश हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर का जश्न भी मनायेंगे

मुजफ्फरपुर के बोचहा प्रखंड के कन्हारा निवासी हिमांशु राज ने अपनी बहन की बेटी का नाम सिंदूर रखा है। वे हर साल अपनी बेटी के जन्मदिन के साथ ऑपरेशन सिंदूर का जश्न भी मनायेंगे। हिंमाशु राज कहते हैं कि पाकिस्तान पर हमले के दौरान उनकी भांजी का जन्म हुआ है। इसलिए उसका नाम इन्होंने सिंदूर रखा है। हम लोगों ने हमले का वीडियो देखा, तो बहुत अच्छा लगा है। वहीं, बच्ची के पिता कहते हैं, नाम से भी फर्क पड़ता है। इससे बच्चे पर अच्छा असर पड़ेगा।

### बड़ा होकर देश की सेवा करेगा पोता

सीतामढ़ी के बेलसंड थाना क्षेत्र की रहने वाली वंदना देवी ने अपने पोते का नाम सिंदूर रखा है। वंदना देवी का कहना है कि उनका पोता बड़ा होकर सेना में जाकर देश की सेवा करेगा। वहीं, मोतिहारी के फेनहारा के रहने वाले दवा कारोबारी अनिकेत कुमार ने भी अपने नवजात बेटे का नाम सिंदूर रखा है। बच्ची की दादी मधु देवी कहती हैं कि पोता हुआ है। उसका नाम सिंदूर रखा है। क्योंकि ये नाम बहुत अच्छा लगा।

### सिंदूर नाम रखना गर्व की बात : डॉ सिद्धार्थ

मुजफ्फरपुर अस्पताल के नवजात शिशु विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ ने बताया कि हमारे अस्पताल में 12 बच्चों का जन्म हुआ है। लड़का हो, या लड़की हो बच्चे का नाम सिंदूर रखा गया है। ये गर्व की बात है।

**DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
Ranchi, Jharkhand.

**NOTICE INVITING TENDER**

The Registrar, Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi invites tenders under two bid system (Technical Bid and Financial Bid), from experienced and reputed contractor/firms/agencies/companies only for various Civil Works (Repair and Renovation Works) & Electrical Worksin Various Departments mentioned below:

| Tender ID | Tender Name |
|---|---|
| DSPMU/G/327/25 | Construction of Shade Over Pavilion in Basket Ball/ Akhara Ground at DSPMU Ranchi. |
| DSPMU/G/328/25 | Construction of Classroom, Boys and Girls Toilet in Dept of TRL at DSPMU Ranchi. |

The above-mentioned Tender Documents will be published in the University website from **09.05.2025 at 04:00 PM.** Last Date & Time for submission of Tender Documents is **20.05.2025 till 01:00 PM**

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section–Officer (General) or from the University **Website: -www.dspmuranchi.ac.in.**

**Memo No. :** DSPMU/G/329/25
**Date** : 08.05.2025

**Sd/- Registrar**
DSPMU, Ranchi.

# पाकिस्तान को करारा जवाब

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में फल-फूल रहे आतंकवाद को सधा और करारा जवाब दिया है। भारतीय कार्रवाई सटीक, संतुलित और गैर-उकसावे वाली थी। इसमें भारतीय फौज ने सिर्फ आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इस ऑपरेशन के जरिये भारत ने फिर यह संदेश दिया है कि वह युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर कोई उसकी तरफ आंख उठा कर देखेगा तो उसे जवाब देने से भी नहीं हिचकेगा। भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में कुल नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इन जगहों का इस्तेमाल लश्कर-ए-तैयबा और दूसरे आतंकी संगठन कर रहे थे। यहीं पर आतंकवादियों को ट्रेनिंग दी गयी, जिन्होंने भारत में कई कायराना वारदातों को अंजाम दिया। पाकिस्तान को बार-बार इनके बारे में जानकारी दी गयी, लेकिन कोई कदम उठाने के बजाय वह इनकी मौजूदगी को ही नकारता रहा। उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अपीलों पर भी ध्यान नहीं दिया, बल्कि अब तो यह भी साफ है कि भारत पर और हमले करने की साजिश रची जा रही थी। 2016 और 2019 में भी भारतीय फौज ने आतंकवादी हमलों के जवाब में क्रमशः सर्जिकल स्ट्राइक और टेरर लॉन्च पैड को निशाना बनाया था। ऑपरेशन सिंदूर 2019 की कार्रवाई से कहीं बड़ी है। इसमें बड़े इलाके में फैले आतंकी इन्फ्रा को टारगेट किया गया, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 100 किमी अंदर थे। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरा देश गुस्से में था। उनका मकसद भारत में सांप्रदायिक तनाव फैलाना था। इसे लेकर कश्मीर सहित देश भर में आक्रोश था और भारत की तरफ से जवाब भी लाजिमी था। दरअसल, पड़ोसी देश की दिलचस्पी इन आतंकवादियों को सजा दिलाने में भारत की मदद करने की नहीं थी। सच्चाई तो यही है कि बरसों से वह आतंक को प्रश्रय देता आया है और उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआइ की शह पर भारत में कई आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना ने हर लक्ष्य का चयन विश्वसनीय इंटेलिजेंस सूचनाओं के आधार पर किया। पहलगाम के 15 दिनों बाद जवाब दिया गया यानी पाकिस्तान को अपनी गलती सुधारने और अपनी जमीन पर पल रहे आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई का पूरा मौका दिया गया। पाकिस्तान ने भारतीय कार्रवाई को एक्ट ऑफ वॉर बताया है और कहा है कि उसे जवाब देने का अधिकार है। उसकी तरफ से झूठे प्रचार का युद्ध शुरू हो चुका है। उसकी मंशा संघर्ष बढ़ाने वाली लगती है। लेकिन पाकिस्तान का हित इसी में है कि वह भारत के साथ लड़ाई न बढ़ाये। आखिर, भारत ने भी यही संकेत दिया है कि वह इसे हवा नहीं देना चाहता।

**ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना ने हर लक्ष्य का चयन विश्वसनीय इंटेलिजेंस सूचनाओं के आधार पर किया। पहलगाम के 15 दिनों बाद जवाब दिया गया यानी पाकिस्तान को अपनी गलती सुधारने और अपनी जमीन पर पल रहे आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई का पूरा मौका दिया गया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**झारखंड के अधिकांश छात्र ग्रामीण इलाकों से आते हैं, जिनके पास उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं होते। उन्हें आर्थिक और भौगोलिक दृष्टि से भी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, कृषि आधारित परिवारों के बच्चे जब फसल के मौसम में काम करने के लिए अपने घरों में जाते हैं, तो उनकी उपस्थिति प्रभावित होती है। यह समस्या उच्च शिक्षा के स्तर पर ग्रामीण छात्रों के लिए एक बड़ी बाधा बन कर सामने आती है।**

# झारखंड में उच्च शिक्षा के लिए नयी राहें और संभावनाएं



**डॉ आशीष आलोक**




इन दिनों राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी 2020) पर व्यापक चर्चा हो रही है, खास कर यह देखने की कोशिश की जा रही है कि यह नीति झारखंड जैसे राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह मददगार साबित हो सकती है। झारखंड, जो अपनी अनूठी सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक स्थिति के कारण कई विशिष्ट समस्याओं का सामना कर रहा है, के लिए यह नीति न केवल एक अवसर है बल्कि चुनौती भी है। झारखंड में उच्च शिक्षा का परिदृश्य कुछ ऐसी चुनौतियां पेश करता है जिनका समाधान एनइपी 2020 द्वारा किया जा सकता है।

**झारखंड में उच्च शिक्षा की समस्याएं :** झारखंड में उच्च शिक्षा को लेकर कई समस्याएं हैं, जो विकास की गति को धीमा करती हैं। इनमें सबसे प्रमुख हैंः **1. ग्रामीण छात्रों की पहुंचः** झारखंड के अधिकांश छात्र ग्रामीण इलाकों से आते हैं, जिनके पास उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं होते। उन्हें आर्थिक और भौगोलिक दृष्टि से भी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, कृषि आधारित परिवारों के बच्चे जब फसल के मौसम में काम करने के लिए अपने घरों में जाते हैं, तो उनकी उपस्थिति प्रभावित होती है। यह समस्या उच्च शिक्षा के स्तर पर ग्रामीण छात्रों के लिए एक बड़ी बाधा बन कर सामने आती है। उन्हें स्कूलों और कॉलेजों में नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज कराना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि वे अपने परिवारों की मदद करने के लिए कृषि कार्यों में शामिल होते हैं। इससे उनके अध्ययन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और उनकी शैक्षिक यात्रा में रुकावट आती है।

**उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक संसाधनों की कमी झारखंड में एक बड़ी समस्या है।**

**2. कौशल आधारित शिक्षा का अभावः** वर्तमान शिक्षा प्रणाली में अधिकतर पाठ्यक्रमों में सैद्धांतिक ज्ञान पर जोर दिया जाता है, जबकि कौशल विकास पर ध्यान नहीं दिया जाता। यह खासकर ग्रामीण छात्रों के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरता है, क्योंकि विद्यार्थियों को अक्सर रोजगार की तलाश होती है। जब शिक्षा प्रणाली केवल शैक्षिक या सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित रहती है और कौशल आधारित शिक्षा पर ध्यान नहीं दिया जाता, तो विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने में कठिनाइयाँ होती हैं। छात्र तकनीकी और व्यावसायिक कौशलों की कमी के कारण बेहतर अवसरों को प्राप्त करने में असमर्थ होते हैं, और इस प्रकार उनका सामाजिक और आर्थिक उत्थान बाधित होता है।

**3. व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ सुधार :** यह देखा गया है कि विश्वविद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत के बाद से इनका प्रदर्शन अपेक्षाकृत अच्छा नहीं रहा है। इसका मुख्य कारण शिक्षकों की कमी और पाठ्यक्रमों का समय पर पूरा न होना है। इसके अतिरिक्त, इन पाठ्यक्रमों की मार्केट ओरिएंटेड (बाजार से जुड़ी) संरचना के कारण छात्रों को नौकरी प्राप्त करने में भी समस्याएं आ रही हैं। क्या व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को सीधे उद्योग से जोड़ना होता है, लेकिन यदि ये पाठ्यक्रम सही तरीके से और समय पर नहीं चलते हैं, तो इनकी प्रभावशीलता कम हो जाती है। साथ ही, शिक्षा की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। ऐसे में, यह जरूरी है कि इन पाठ्यक्रमों के संचालन में सुधार किया जाये, साथ ही छात्रों को न केवल रोजगार के अवसर प्रदान किये जायें, बल्कि उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा भी मिले ।

**4. आधारभूत संरचनाओं की कमी :** एनइपी में शिक्षा के क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव लाने की योजना है, जैसे कि मल्टी-डिसिप्लिनरी कॉलेज और विश्वविद्यालयों का निर्माण, लेकिन झारखंड में अधिकांश उच्च शिक्षा संस्थानों में आधारभूत संरचनाओं (प्रयोगशाला, पुस्तकालय, अनुसंधान) की भारी कमी है विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का घनत्व कम है, वहां छात्रों को पर्याप्त शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अधिक छात्रों तक पहुंचाना है, लेकिन बिना आधारभूत संरचनाओं के यह एक चुनौती बनी रहती है।

**5. शिक्षक और शैक्षिक गुणवत्ता की कमी :** झारखंड में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी समस्या योग्य और प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी है। एनइपी में शिक्षक शिक्षा को मजबूत करने की योजना है, लेकिन राज्य में अच्छे शिक्षकों की कमी है, जो नीति के उद्देश्यों को पूरा करने में रुकावट डालती है। सरकार को इस क्षेत्र में और अधिक निवेश करने की आवश्यकता है, ताकि उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षक तैयार किये जा सकें।

**6. शिक्षण सामग्री और तकनीकी सहायता का अभाव :** डिजिटल शिक्षा पर एनइपी का खास जोर है, लेकिन झारखंड में इंटरनेट की पहुंच और डिजिटल संसाधनों की कमी है ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या है, जिससे ऑनलाइन शिक्षा के लिए छात्रों के पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा, शिक्षण सामग्री की गुणवत्ता और उपलब्धता में भी भारी अंतर है। एनइपी के तहत दी जाने वाली तकनीकी सहायता और डिजिटल शिक्षा की दिशा में झारखंड को बहुत ध्यान देने की जरूरत है।

**7. भाषाई और सांस्कृतिक ज्ञान (देशज ज्ञान) एवं गांवों का वैज्ञानिक और पारिस्थितिकी-आधारित जीवनः** झारखंड के गांवों में निवास करने वाले लोग पारंपरिक रूप से अपने जीवन को विज्ञान और पारिस्थितिकी के सान्निध्य में जीते हैं। उनकी कृषि पद्धतियां, जल प्रबंधन तकनीक और पर्यावरण के प्रति उनका दृष्टिकोण अत्यंत वैज्ञानिक और सुसंगत हैं। इस वैज्ञानिक सोच और पारिस्थितिकी के ज्ञान को अगर शिक्षा के साथ जोड़ दिया जाये, तो यह न केवल ग्रामीणों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बना सकता है, बल्कि एक ऐसा समग्र शिक्षा मॉडल भी तैयार कर सकता है, जो स्थानीय जरूरतों और संसाधनों के अनुरूप हो। झारखंड में कई जनजातीय समुदायों की उपस्थिति है, जिनकी अपनी भाषाएं और सांस्कृतिक विशेषताएं हैं। एनइपी में स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने की बात कही गयी है, लेकिन झारखंड में स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षित शिक्षक और शैक्षिक सामग्री की कमी है।

**8. आर्थिक पिछड़ापन :** उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक संसाधनों की कमी झारखंड में एक बड़ी समस्या है। कई छात्र उच्च शिक्षा के लिए राज्य के बाहर जाने के लिए सक्षम नहीं हैं, और महाविद्यालयों में भी शिक्षा महंगी होती जा रही है। एनइपी में शिक्षा को सस्ता और सुलभ बनाने की दिशा में राज्य सरकार को विशेष कदम उठाने होंगे।

**9. आदिवासी और महिला छात्रों की स्थिति :** झारखंड में आदिवासी और महिला छात्रों के लिए उच्च शिक्षा की पहुंच एक गंभीर मुद्दा है। एनइपी में लड़कियों और विशेष रूप से आदिवासी बच्चों को प्राथमिकता देने का वादा किया गया है, लेकिन वास्तविकता यह है कि इनके लिए उच्च शिक्षा में प्रवेश पाना एक कठिन कार्य है महिला शिक्षा की स्थिति को मजबूत करने के लिए सरकार को विशेष योजनाएं बनानी होंगी। इस में समाज और परिवार को बहुत जागरूक होना होगा।

**(लेखक : शिक्षा और अनुसंधान से जुड़े हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा प्रवक्ता ने दी तीखी प्रतिक्रिया

# अब आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई अनिवार्य है : अमरप्रीत सिंह काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए चल रहे ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कड़ा संदेश दी। दिल्ली में आयोजित सर्वदलीय बैठक में श्री काले ने कहा बहुत हो चुका अब, आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की बात होनी चाहिए। यह केवल युद्ध नहीं,यह धर्म युद्ध है। आतंकवाद को जन्म देने और पालने वालों को अब उनके अंजाम तक पहुंचाना अनिवार्य है। श्री काले ने दिल्ली में आयोजित सर्वदलीय बैठक में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा भारतीय सेना और सरकार के समर्थन में एकजुट खड़े होने के संकल्प का स्वागत किया। उन्होंने इसे राष्ट्रीय एकता और राजनीतिक परिपक्वता के प्रतीक बताया। काले ने कहा ऑपरेशन ह्यसिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह भारत की अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा में उसकी अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक है। भारतीय सेना की यह कार्रवाई दशार्ती है भारत अब आतंक के विरुद्ध किसी प्रकार का समझौता करने को तैयार नहीं।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा ह्लप्रधानमंत्री का सशक्त नेतृत्व देश को आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की दिशा में लगातार आगे बढ़ा रहा है। सेना के शौर्य और सरकार की नीति दोनों ने मिलकर भारत की सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान की है।श्री काले ने देश के सभी नागरिकों से अपील की ह्लहम सबको एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में सेना और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना चाहिए। हमारी एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत है। देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए हर नागरिक को तैयार रहना चाहिए।

### महाली साईं में सरकारी शराब दुकान का विरोध

# ग्रामीणों ने किया बुरुडीह ओवरब्रिज जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खरसावां।** सरायकेला खरसावां जिले के महाली साईं में संचालित सरकारी शराब दुकान के विरोध में सैकड़ों महिला-पुरुषों ने बुरुडीह रेलवे ओवरब्रिज को जाम कर दिया। गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान हाड़ीसाई, शिमला, गुरूडीह, महालीसाई, असुरा, गोजुडीह पोटका और देवली समेत कई गांवों के सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए प्रदर्शनकारियों ने सुबह 10:15 बजे से लेकर दोपहर 12:15 बजे तक सड़क को पूरी तरह अवरुद्ध रखा। जिससे खरसावां जिला मुख्यालय से संपर्क बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। महिलाओं ने बताया महाली साईं में संचालित शराब दुकान के कारण क्षेत्र में अपराध, छेड़खानी और असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि हुई है। ग्रामीण महिलाओं ने जिला प्रशासन को कई बार आवेदन देकर दुकान को बंद कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा गांवों में शराब के कारण महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।

प्रदर्शन में महिला समितियों की सक्रिय भागीदारी रही जिन्होंने सामूहिक स्वर में शराब दुकान को बंद करने की मांग की। वही सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। एसडीपीओ समीर कुमार सवैया, सर्किल इंस्पेक्टर नितिन कुमार सिंह, बीडीओ प्रधान माझी, सीओ कप्तान सिंकू और एएसआई प्रकाश कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता कर स्थिति को शांत किया और सड़क जाम को हटवाया।प्रशासन द्वारा जल्द उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी यदि प्रशासन शीघ्र ठेका रद्द नहीं की तो आने वाले दिनों में जिला स्तरीय आंदोलन किया जायेगा।

# शहीद का अस्थि कलश पहुंचा गम्हरिया यादव समन्वय समिति ने किया स्वागत



**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** अहीर रेजिमेंट स्थापना की मांग को लेकर शहीद सैनिकों का अस्थि कलश गम्हरिया पहुंची। गुरुवार को गम्हरिया पहुंचने पर यादव समन्वय समिति की ओर से गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद अहीर रेजिमेंट स्थापना को लेकर भ्रमण पर निकला। सभी ने अहीर शहीदों के अस्थि कलश को श्रद्धापूर्वक नमन किया।इस दौरान देश भर में अहीर रेजिमेंट स्थापना की मांग की गयी। इसके तहत देश में शहीद हुए अहीर सैनिकों के अस्थि कलश को श्रद्धा पूर्वक भ्रमण कराया गया। इसी कड़ी में श्रीराम डिवाइन अकादमी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में यादव समाज से जुड़े लोग मौजूद रहे। यादव समन्वय समिति के महासचिव सह श्रीराम डिवाइन अकादमी के निदेशक श्रीराम यादव ने बताया कुल 124 अहीर शहीदों की अस्थि कलश भारत भ्रमण पर है। बिहार के छपरा से चलकर यह कलश झारखंड के गम्हरिया पहुंची है। कल यानी शुक्रवार को कोलकाता के लिए रवाना होगी।उन्होंने बताया संपूर्ण भारत भ्रमण कर यह यात्रा 18 नवंबर को दिल्ली पहुंचेगी। सरकार के समक्ष अहीर रेजिमेंट स्थापना की मांग पुरजोर तरीके से रखी जायेगी।

# एनइपी 2020 पर अतिथि व्याख्यान सत्र का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के सभागार में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में एकदिवसीय अतिथि व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। शिक्षाशास्त्र विभाग के द्वितीय और चतुर्थ सत्र के विद्यार्थियों के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेकेएम कॉलेज सालबनी के प्राचार्य एवं जेकेएम ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के शिक्षण सलाहकार प्रो डॉ आर श्रीकंठन नायर उपस्थित रहे। उन्होंने एनईपी 2020 के संदर्भ में प्रशिक्षण में सांस्कृतिक मूल्यों का संचरण और संरक्षण विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्जलित कर किया गया। जिसके पश्चात शिक्षाशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष ने व्याख्यान सत्र के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मध्य नई शिक्षा नीति 2020 में वर्णित भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की प्रासंगिकता पर विमर्श करना और शिक्षा क्षेत्र में इससे जुड़ी अवधारणाओं की गहरी समझ विकसित करना है। प्रो नायर ने कहा भारत की सांस्कृतिक परंपरा अत्यंत समृद्ध है।इसकी शिक्षण पद्धति में इसका स्पष्ट प्रभाव देखने को मिलता है। हालांकि पश्चिमी शिक्षण तकनीकों से लाभ प्राप्त हुए हैं, लेकिन किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था तभी स्थायी और प्रभावी बनती है जब उसमें उस देश की देशज संस्कृति की जड़ें बनी रहें। नयी शिक्षा नीति 2020 भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और आधुनिक तकनीकों के समन्वय का उत्कृष्ट प्रयास है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ प्रभात कुमार पाणि ने एनइपी 2020 के मुख्य प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इस परिवर्तनकारी नीति के अनुरूप स्वयं को तैयार करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने कहा यह व्याख्यान सत्र न केवल शैक्षणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा,बल्कि विद्यार्थियों के लिए भारतीय शिक्षा व्यवस्था की गहराई और समग्रता को समझने का एक प्रेरणास्पद अवसर भी बना। मौके पर अकादमिक प्रकोष्ठ के अधिष्ठाता प्रो दिलीप शोम, अनुशासन प्रकोष्ठ के अधिष्ठाता प्रो नाजिम खान, परीक्षा नियंत्रक प्रो मोईज अशरफ, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सरयू राय ने कदमा क्षेत्र का किया दौरा, दिये निर्देश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कदमा क्षेत्र का तीन घंटे तक गहन निरीक्षण किया। बुधवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने शास्त्रीनगर, मरीन ड्राइव और आसपास के इलाकों में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान श्री राय ने साफ-सफाई डिपो की अव्यवस्था पर नाराजगी जताई। उपस्थिति पंजी में कम हाजिरी को लेकर सख्त टिप्पणी की। उन्होंने पार्क की दुर्दशा, टूटी झूलों और गेट की हालत पर गहरी चिंता व्यक्त की और सौंदर्यीकरण व ओपन जिम की स्थापना का सुझाव दिया। वही पुराने शौचालय, जो नशापान और अड्डेबाजी का अड्डा बन चुका है उसे हटाकर नया निर्माण करने की बात कही। सामुदायिक भवनों की अव्यवस्था और बंद पड़े भवनों को खोलने की दिशा में भी विधायक ने गंभीर रुख अपनाया। मरीन ड्राइव में प्रभु जगन्नाथ मंदिर के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए श्री राय ने वहां रह रहे परिवारों को आश्वस्त किया पहले उन्हें व्यवस्थित किया जाएगा, फिर अन्य कार्य आगे बढ़ेगा। निरीक्षण के दौरान श्री राय के साथ कई स्थानीय प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को दिया धन्यवाद



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस कार्यालय बिष्टूपुर में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक आयोजित की गयी। गुरुवार को बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कांग्रेस पार्टी आतंकवाद के विरुद्ध केंद्र सरकार के साथ खड़ी है। कार्यकर्ताओं ने सेना के समर्थन में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय का नारे लगाये। जिलाध्यक्ष ने रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और आगामी जमशेदपुर रैली की घोषणा जल्द किए जाने की बात कही। बैठक का संचालन संजय सिंह आजाद ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, सामंता कुमार,कमलेश कुमार पाण्डेय,के के शुक्ल, उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, शफीअहमद खान, रामलाल प्रसाद पासवान, शशी कुमार सिन्हा, संजय तिवारी, जसवंत सिंह जस्सी,प्रखण्ड अध्यक्ष बबुआ झा, आशीष ठाकुर,लासा मुर्मू,विनोद यादव,राजू गद्दी, अनिरुद्ध कुमार पुरी,लखिंदर करुवा, चेयरमैन अजा,नलिनी सिन्हा अध्यक्ष महिला कांग्रेस सहित सैकड़ो कांग्रेसी शामिल रहे।

## एसडीओ ने की अबुआ आवास योजना के घोटाले की जांच

# मुखिया पति पर आवास योजना में रिश्वत लिये जाने की शिकायत को सही पाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** सगमा प्रखंड के सोनडीहा पंचायत में अबुआ आवास योजना के घोटाले की शिकायत को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने गुरुवार को सोनडीहा ग्राम पहुंच कर मामले की जांच किया। इस दौरान एसडीओ ने जांच के क्रम में बताया कि अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों द्वारा लगाये गये आरोप सही पाया गया। उन्होंने कहा कि इस गड़बड़ी में जो भी दोषी होंगे उनके विरुद्ध 48 घंटे के अंदर कार्रवाई किया जायेगा। एसडीओ ने सोनडीहा ग्राम के हरिजन टोला में पहुंचे जहां उपस्थित अबुआ आवास योजना के लाभुक ने पंचायत के मुखिया पति हनुमंत यादव पर आवास योजना स्वीकृत को लेकर तीस तीस हजार रुपये लेने की बात कहा। कई आवास लाभुकों ने बताया कि मुखिया पति और आवास योजना से जुड़े सभी लोगों ने आवास योजना दिलाने के नाम पर तीस-तीस हजार लिया गया, इसके बावजूद नाम कटवा दिया गया। लोगो ने एसडीओ को बताया कि पैसा मांगने पर मुखिया पति द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया और जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया गया जिसके विरुद्ध धुरकी थाने में लिखित शिकायत किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मुखिया पति ने कई ऐसे लाभुक को अबुआ आवास योजना दिया गया है जो सरकारी पद पर है। लोगो ने बताया कि कई लाभुक के पति पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ले चुके है उन्हें भी अबुआ आवास योजना का लाभ दिया है। ग्रामीणों के द्वारा किये गये शिकायत के बाद एसडीओ ने उपस्थित आवास कॉर्डिनेटर, पंचायत सचिव, स्वयं सेवक को कड़ी फटकार लगाया। और कार्य प्रणाली में सुधार लाने का निर्देश दिया। जांच के बाद एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि जांच के क्रम में काफी गड़बड़ियां पायी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टि या पैसे की लेनदेन हुई उन्होंने कहा कि वीडियो जुल्फिकार अंसारी को जांच कर दोषी के विरुद्ध दो दिन के अंदर कार्रवाई करें। अगर उनके द्वारा कार्रवाई नहीं की जायेगी तो स्वयं कारवाई करने की बात कहा।

# एसपी दीपक पांडे ने किया मेराल थाना का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** एसपी दीपक कुमार पांडे द्वारा बुधवार को मेराल थाना का निरीक्षण किया गया। थाना पहुंचने पर सबसे पहले थाना प्रभारी विष्णु कांत सहित सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस के जवानों ने एसपी को सलामी दी। गार्डन ऑफ ऑनर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एसपी श्री पांडे ने सबसे पहले मालखाने का निरीक्षण किया उसके बाद थाना की पुरानी बिल्डिंग, रिकॉर्ड रूम, कंप्यूटर कक्ष, जवानों का बेडरूम, थाना परिसर में खड़े जप्त वाहनों एवं थाना की सुरक्षा के लिए बनाए गए फेंसिंग इत्यादि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई निर्देश दिए। जांच के क्रम में पुलिस पदाधिकारी की वर्दी, जूता, बैच, बेल्ट, टोपी, इत्यादि का गहनता से जांच की और उसके बारे में एक-एक लोगों से पूछताछ किया। एसपी दीपक कुमार पांडे ने कहा कि चौकीदार भी पुलिस का एक अंग हैं इसलिए आपको हमेशा ड्रेस कोड को मेंटेन करना चाहिए। जांच के क्रम में एसपी द्वारा ओडी रजिस्टर, गिरफ्तारी पंजी, वारंटी पंजी सहित सभी प्रकार के अभिलेखों का निरीक्षण के समय त्रुटि को सुधार करने का निर्देश दिया। एसपी श्री पांडे ने कहा कि आम जनता और पुलिस के बीच मधुर संबंध रखना प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के बाद एसपी दीपक पांडे ने थाना परिसर में आम के दो पौधे लगाये जिसे सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। मौके पर इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद, एसआइ रवि कुमार, दिनेश मुंडा, दीपक पासवान, अरविंद साह, संजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, एएसआइ अखिलेश्वर सिंह, अखिलेश्वर तिवारी नीतीश कुमार आदि उपस्थित थे।

# फाइलेरिया की रोकथाम के लिए एमएमडीपी किट वितरित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया (हांथी पांव) की रोकथाम के लिए एमएमडीपी किट का वितरण एमटीएस विद्यानंद प्रजापति के द्वारा किया गया। जिसमें डेटॉल साबुन, एंटीसेप्टिक क्रीम, टब, मग, तौलिया सहित और अन्य सामग्री दी गयी। ताकि बीमारी से पीड़ित मरीज फाइलेरिया ग्रसित अंगों की नियमित रूप से देखभाल कर सकें। मौके सलाहकार एमटीएस विद्यानंद प्रजापति ने मरीजों को स्वयं की देखभाल के लिए आवश्यक प्रशिक्षण देते बताया कि नियमित दवा के सेवन से और मिले उक्त किट के उपयोग से हांथी पांव से ग्रसित अंग की नियमित साफ-सफाई करके प्रभावित अंग में संक्रमण को रोका जा सकता है। इस मौके पर अस्पताल के कर्मी, सहिया और लाभुक उपस्थित थे।

## एसडीएम की बड़ी कार्रवाई, ड्रोन कैमरे की मदद से शराब के ठिकानों पर प्रहार

# एक टन से अधिक अर्धनिर्मित शराब नष्ट, चार भट्ठियां ध्वस्त

**दुलदुलवा गांव होगा नशामुक्त, शराब माफिया को मुख्यधारा में लौटना ही होगाः एसडीएम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने उत्पाद विभाग, पुलिस, वन विभाग और सीआरपीएफ की मदद से बुधवार को मेराल के दुलदुलवा क्षेत्र में अवैध शराब को लेकर सघन अभियान चलाया। अभियान के दौरान गांव के रिहायशी इलाकों के साथ-साथ अमवार एवं भहरवा के जंगलों में भी सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 10 कुंटल अर्धनिर्मित महुआ शराब को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया, साथ ही चार शराब भट्ठियां भी ध्वस्त की गयीं। उल्लेखनीय है कि बीते शनिवार को भी सदर एसडीएम ने इसी जंगल क्षेत्र में अबैध शराब को लेकर कार्रवाई की थी, इसी इलाके में आज की कार्रवाई इस सप्ताह की दूसरी बड़ी कार्रवाई थी।

**पहली बार ड्रोन कैमरे का इस्तेमालः**

दुर्गम जंगल क्षेत्र में अवैध शराब के अड्डे खोजने के लिए सीआरपीएफ के ड्रोन कैमरा एवं तकनीकी कर्मी की मदद ली गयी। अभियान के दौरान दुलदुलवा गांव में 5 कुंटल से अधिक प्रसंस्करित महुआ जावा मिला, वहीं जंगल क्षेत्र में भी पांच ड्रम अर्धनिर्मित शराब मिली, जिसे उत्पाद विभाग, वन विभाग एवं पुलिस कर्मियों द्वारा मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

**जमीन के अंदर गड़े हुए थे ड्रमः**

एसडीएम की अगुवाई में पहुंचे संयुक्त धावादल ने दुलदुलवा गांव के 10 से अधिक संदिग्ध घरों में महिला पुलिस की मौजूदगी में छापेमारी की। संजय कुमार ने बताया कि गांव के साव टोला निवासी तीनों आदतन नशा कारोबारी हैं इन पर उत्पाद विभाग की ओर से प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई जा रही है। इस दौरान संजय कुमार ने गांव के युवक युवतियों को भी समझाया कि वे नशे के इस दलदल से सतर्क और दूर रहें, भूल कर भी इस नशीले कारोबार में न घुसें और अपना भविष्य अंधकारमय होने से बचायें। उन्होंने यहां के नशा कारोबारियों को भी कड़ी चेतावनी दी कि उन्हें सुधरना ही होगा, क्योंकि उनका धंधा किसी हालत में नहीं चलने दिया जायेगा। संजय कुमार ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व ही उन्हें इस गांव के बारे में जानकारी मिली थी, तब से वे इस गांव को सुधारने में जुट गये हैं। उन्होंने कहा कि जो जानकारी मिली है उसके अनुसार पूर्व में भी कभी-कभी इस गांव में शराब भट्ठियों को तोड़ा जाता रहा है किंतु उसके तुरंत बाद पुनः कारोबार शुरू हो जाता था।

**नियमित कार्रवाई जारी रहेगीः**

अभियान के दौरान मौजूद उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार ने कहा कि इस इलाके में स्थानीय पुलिस और वन विभाग की मदद से अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान जारी रहेगा। एसडीएम संजय कुमार की अगुवाई में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए आज के बृहद अभियान में उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार, पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद, मेराल थाना प्रभारी विष्णु कांत, सीआरपीएफ के तकनीकी कर्मी दीपक कुमार सिंह, वनपाल पुष्पराज, वनरक्षी राजकुमार, गार्ड राकेश भारती एवं नागेंद्र कुमार, ग्राम चौकीदार आदि के अलावा जिला पुलिस बल के महिला एवं पुरुष जवान मौजूद थे।

# युवक ने एसपी से की थाना प्रभारी का शिकायत, पिटायी का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय निवासी युवक अनिकेत ने एसपी से थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव की शिकायत की है। आरोप लगाया कि मंगलवार को पत्नी और उसकी मां के बीच विवाद हुआ था। मां को घायल देखकर उसका पत्नी के साथ विवाद हुआ था। उसके बाद पत्नी ने थाना जाकर शिकायत की। उसके बाद उसे थाना बुलाया गया। थाना से उसे छोड़ने के लिए पांच हजार रुपये की मांग की गयी। उक्त राशि नहीं देने पर उसकी बेरहमी से पिटाई की गयी। आवेदन में अनिकेत ने आरोप लगाया है कि थाना प्रभारी के निर्देश पर उसे रस्सी में लटका कर पीटा गया। उसने आवेदन देकर मामले में जांचोपरांत कार्रवाई करते हुए न्याय की गुहार लगायी है।

**आवेदन मिला है, जांच करायी जा रही हैः एसपी**

उधर मामले में एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि युवक अनिकेत का आवेदन मिला है। आवेदन के आलोक में जांच करायी जा रही है। जांच रिपोर्ट मिलते ही उचित कार्रवाई की जायेगी। वहीं थाना प्रभारी अवधेश ने बताया कि युवक की ओर से लगाया जा रहे आरोप के बारे में जानकारी नहीं है। आरोप निराधार है।

## प्रखंड संसाधन केंद्र के 13 लेखापाल-सह-कंम्प्यूटर ऑपरेटरों का हुआ तबादला

# 12 मई तक नव स्थानांतरित कार्यालय में योगदान करें नहीं तो होगी कार्रवाईः उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखण्ड संसाधन केन्द्रों में तीन वर्षों से अधिक समय से पदस्थापित/कार्यरत्त लेखापाल-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटरों को स्थानांतरण किया गया है। स्थानांतरित किये गये लेखापाल-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटरों में (01) प्रदीप कुमार शुक्ला काण्डी से मझिआँव, (02) प्रेम नीलम समद रमना से डण्डई (03) मानिक चंद गुप्ता रमकण्डा से चिनियाँ (04) चंदन कुमार नगर उँटारी से खरौन्धी (05) प्रभाकर कुमार सिन्हा गढ़वा से रमकण्डा (06) ब्रम्हदेव राम भवनाथपुर से धुरकी (07) मनुज कुमार सहाय चिनियाँ से मेराल (08) राकेश कुमार तिवारी डण्डई से नगर उँटारी (09) अरुण कुमार गुप्ता धुरकी से रमना (10) राकेश रौशन तिर्की मझिआँव से काण्डी (11) अभय कुमार रंका से गढ़वा (12) धनन्जय प्रसाद गुप्ता भंडरिया से बरडीहा तथा (13) धनन्जय प्रसाद गुप्ता को मेराल से रंका का नाम शामिल है। उपायुक्त ने बताया कि स्थानांतरण आदेश जारी करने के पश्चात सभी संबंधित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी-सह-समन्वयक को निदेश दिया गया है कि स्थानांतरित लेखापाल-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटर को नवपदस्थापित प्रखण्ड संसाधन केन्द्र में योगदान के लिए दिनांक-12/05/2025 तक हर हाल में विरमित करना सुनिश्चित करेंगे। सभी स्थानांतरित लेखापाल-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटर का माह मई 2025 के मानदेय का भुगतान नवपदस्थापित प्रखंड संसाधन केंद्र से ही देय होगा। जिन कर्मियों के द्वारा आदेश का अनुपालन नहीं किया गया होगा तो 13 मई को उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

# बीडीएसयू ने बीफार्म प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। आठ मई को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय ने फार्मसी के प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम घोषित किया। इस परीक्षा में समीर राजा और फुजैल अशरफ दोनों का (बराबर) और सबसे अधिक 8.59 एसजीपीए ग्रेड लाकर पहला स्थान मिला है। इसके बाद खुशी कुमारी का दूसरा स्थान रहा जिनको 8.55 एसजीपीए प्राप्त किये। 8.28 एसजीपीए लाकर अनीश राज भगत और सूर्यकांत कुमार पासवान दोनों संयुक्तरूप से तिसरे स्थान पर रहे। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने फार्मसी विभाग के संकयाध्यक्ष एवं उस विभाग के सभी शिक्षक और गैर-शिक्षक को अच्छे परीक्षा फल के लिए बधाई दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह ने भी सभी परीक्षाथ्रीयो को बधाई और सुनहरे भविष्य के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिया है। फार्मसी के संकयाध्यक्ष प्रो डॉ मनीष दुबे ने सभी परीक्षाथ्रीयो को बधाई एवं और भी बेहतर परीक्षा फल के लिए प्रयासरत रहने को कहा है।

# बज्रपात की चपेट में आकर मछुआरे की मौत

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डुमरसोता पंचायत के चौधरी टोला निवासी योगेंद्र चौधरी (36 वर्ष), पिता रामचंद्र चौधरी की बुधवार की दोपहर सोन नदी में मछली मारने के दौरान ठनका की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार योगेंद्र अपने साथियों फुलेंद्र चौधरी, महेंद्र चौधरी पिता जगरनाथ चौधरी, बिक्की पटवा पिता नन्हू पटवा, रणजीत चौधरी पिता नागेंद्र चौधरी के साथ सोन नदी में मछली मारने गये थे। मछली पकड़ने के बाद जब वे लोग बालू तट पर पहुंचे, तभी दोपहर करीब तीन बजे अचानक तेज बारिश के साथ ठनका गिरा, जिसमें योगेंद्र की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक को कांडी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। इसके बाद शव को एंबुलेंस से गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया, जहां गुरुवार को पोस्टमार्टम किया गया। घटना की सूचना पर युवा समाजसेवी शशांक शेखर मौके पर पहुंचे और उन्होंने गढ़वा एसडीओ संजय तिवारी से बात कर सहायता की मांग की। एसडीओ ने आश्वासन दिया कि मृतक के परिजनों को चार लाख की मुआवजा राशि, सरकारी आवास, पेंशन तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। शशांक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय से भी संपर्क किया। बीडीओ ने बताया कि मृतक के परिजनों को शीघ्र ही 20,000 की पारिवारिक लाभ राशि दी जायेगी और यदि मैया सम्मान योजना से मृतक की पत्नी वंचित हो, तो उसकी भी तत्काल स्वीकृति की जायेगी।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 59 date 25.04.2025, I Mahendra Oraon S/o Somara Pahan, R/o. Vill- Khwash Ambwa, Po.- Nagjuwa, P.s.- Kairo, Dist.- Lohardaga, (Jharkhand) 835325 do hereby solemnly affirm & declare as follows :-
1. That my ture and correct name is Mahendra Oraon & my father name is Somara Pahan which is in my Voter Card No. FKN1563025.
2. That in Adhar Card no 5226 7382 1826 my name is wrongly written as Pahan Mahendra Somara due to mistake
3. That this Affidavit is made for correction of my name as Mahendra Oraon in my Adhar Card from concerned authority. 4. That the statements made above are true and correct. sworn & signed this affidavit on 25.04.2025 at Ranchi

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 865 date 17.04.2025, I, LAKHAN BOIPAI, son of Birsingh Boipai, resident of village Gitilpee, PO Gitilpi, PS Manjhari, District WEST SINGHBHUM, State - JHARKHAND-833201, do hereby solemnly affirm and declare that the statements made herein are true to the best of my knowledge, information and belief :-
1. That I am an Indian citizen and residing in the aforesaid address. 2. That I have passed Secondary Examination 2021 from Jharkhad Academic Council, Ranchi, being Roll Code 52049 Roll No 0097 appeared from High School, Kotgarh. The aforesaid institution has been issued certificate in favour of me in which my name is mention as LAKHAN BOIPAI.
3. That I am holder of Aadhar Card bearing Aadhar No. 8644 7175 3291 in which my name has been inserted as LAXMAN GAIPAI in place of LAKHAN BOIPAI.
4. That my correct name is LAKHAN BOIPAI.
5. That I am swearing the present affidavit for correction of my name as LAKHAN BOIPAI in place of LAXMAN GAIPAI in Aadhar Card.

**शपथ-पत्र**

शपथ पत्र सं.17139 दिनांक:27.12.2024 के अनुसार मैं काजल देवी पति- श्री सोनु सोनी धर्म हिन्दू पेशा कृषि निवासग्राम- बरियातु थाना-गोला जिला- रामगढ़ (झारखण्ड) राष्ट्रीयता भारतीय शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूँ कि:-
1. यह कि विवाह पूर्व BOI शाखा खूँटी में मैं एक बचत खाता खुलवाई थी जिसमें मेरा नाम काजल कुमारी पिता स्व. आनन्द साहु ग्राम चालगी पो. गुटजारा थाना खूँटी जिला खूँटी राज्य झारखंड दर्ज है।
2. यह कि विवाह के पश्चात मेरा नया पता नाम काजल देवी पति श्री सोनु सोनी ग्राम+पो. - बरियातु, थाना-गोला, जिला-रामगढ़, राज्य झारखंड है।
3. यह कि मैं अपना बचत खाता संख्या 615410110000677 BOI शाखा हुटार जिला खूँटी से BOI शाखा साडम में स्थानान्तरण कर रही हूँ।
4. यह कि यह शपथ में BOI शाखा हुटार जिला खूँटी में दर्ज नाम काजल कुमारी, पुराना पता हटाकर BOI शाखा साड़म के बचत खाता में नाम काजल देवी एवं नया पता दर्ज करने हेतु ले रही हूँ।
5. यह है कि उपरोक्त शपथ पत्र में सभी बातें सत्य वा सही है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।**

शुद्धिपत्र /सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– BCD/EE/HAZARIBAG/13/2025-26 ,PR संख्या– 351643 Building (25-26)-D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 351923 Building(25-26)D

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**–:: आम सूचना ::–**

जिलान्तर्गत ''झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना'' का क्रियान्वयन विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत निदेशों के आलोक में किया जा रहा है। विभागीय निदेश के आलोक में ''झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना'' के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि इस योजना की राशि का भुगतान उनके आधार सीडेड खाते में की जानी है।

अतः वैसे लाभुक जिन्होंने अब तक अपना बैंक खाता आधार से लिंक नहीं कराया है, अविलम्ब अपने बैंक में आधार कार्ड एवं बैक खाता के साथ उपस्थित होकर अपने बैंक खाते को आधार से लिंक कराना सुनिश्चित करें।

ह0/–
सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग,
कोडरमा।

PR 351964 Women, Child Development & Social Security(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
**e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना – 01/2025–26 (द्वितीय आमंत्रण)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची। |
| 2 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा। |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | :– | 10.05.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से। |
| 4 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 16.05.2025 को 4.30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | :– | 16.05.2025 को 4.30 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की संभावित तिथि एवं समय | :– | 17.05.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से। |
| 7 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | :– | ई0 अनुप कुमार हांसदा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | :– | 8084784990 |
| 10 | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | :– | 8084784990 |

| क्र0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair and maintenance (Ordinary Repair) of Existing Tube well by supplying labour, vehicle (including driver) with fuel and lubricant to be different rural sites etc. all complete work in ***Sub Division Lohardaga*** for the year 2025-26. ***(For Major - 262/Minor - 102 nos., Total – 364 nos.)*** | RMDT -01 | 2,87,619.00 | 5,800.00 | 750.00 | Till 30 Sep 2025 |
| 2 | Repair and maintenance (Ordinary Repair) of Existing Tube well by supplying labour, vehicle (including driver) with fuel and lubricant to be different rural sites etc. all complete work in ***Sub Division Senha*** for the year 2025-26. ***(For Major - 454/Minor - 208 nos., Total – 662 nos.)*** | RMDT -02 | 5,18,209.00 | 10,500.00 | 1,250.00 | Till 30 Sep 2025 |

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 351973 Lohardaga(25-26).D

# ऑपरेशन सिंदूर की सभी ने सराहना की



अर्जुन मुंडा



प्रफुल्ल चंद्राराम



जितेंद्र कश्यप



मनोरंजन मुंडा



कश्यपराजेंद्र नाग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** पाकिस्तान के खिलाफ केंद्र सरकार की कार्रवाई का सभी लागों ने सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री ने देश सें किया गया वादा कर दिया। पूर्व सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने एयर स्ट्राइक पर आतंकवादियों के विरुद्ध उठाये गये कदम कें लिए देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और देश के वीर सैनिकों की सराहना की। इसमें भारत की क्षति हुई और ऐसे लोगों की जान गयी, जो सैलानी थे और वहां घूमने गये थे। भारत ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। इस घटना ने पूरे देश के लोगों को विचलित किया है और इसी का जवाब देते हुए सेना ने आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और इसके खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सेना के सेवानिवृत्त मेजर जितेंद्र कश्यप ने कहा कि भारत के सैनिकों को हार्दिक हार्दिक बधाई जिन्होंने पाकिस्तान में उग्रवादियों के ठिकाने में घुसकर उनके कै।प को ध्वस्त कर दिया। भूतपूर्व सैनिक मनोरंजन मुंडा कहते हैं कि इतनी कार्रवाई से पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है। भारत को तब तक शांत नहीं बैठना चाहिए, जब तक पाकिस्तान से आतंकवाद पूरी तरह खत्म न हो जाये। पूर्व सैनिक प्रफुल्ल चंद्राराम ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस कार्रवाई का पूरा देश समर्थन कर रहा है और मांग कर रहा है कि भारत ऐसा सबक सिखाये कि भविष्य में कोईब आतंवादी कार्रवाई करने की हिमाकत पाकिस्तान न करे। सेना के सेवानिवृत्त मेजर जितेंद्र कश्यप ने कहा कि भारत के सैनिकों को हार्दिक हार्दिक बधाईख जिन्होंने पाकिस्तान में उग्रवादियों के ठिकाने में घुसकर उनके कैंप को ध्वस्त कर दिया। भूतपूर्व सैनिक मनोरंजन मुंडा कहते हैं कि इतनी कार्रवाई से पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है। पूर्व सैनिक प्रफुल्ल चंद्राराम ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस कार्रवाई का पूरा देश समर्थन कर रहा है और मांग कर रहा है कि भारत ऐसा सबक सिखाये कि भविष्य में कोईब आतंवादी कार्रवाई करने की हिमाकत पाकिस्तान न करे। भूतपूर्व सैनिक पीएसएम मेडलिस्ट सेवक कश्यप ने कहा कि हमारे जाबांजों ने ऐसा कारनामा कर दिखाया कि हमेंकिसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई। भूत पूर्व सैनिक राजेंद्र नाग ने भी कहा कि प्रधानमंत्री की कार्रवडाई से पूरे देश में खुशी है। भाजपा नेता संतोष जयसवाल, धर्मेंद्र कुमार, कृषा भगत, झामुमो नेता प्रदीप केसरी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पूरे इलाके में हर्ष का माहौल।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मनाया गया जश्न, हुई आतिशबाजी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद लोगों में खुशी की लहर है। मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्व में लोगों ने डकरा भूतनगर में आतिशबाजी की। इस मौके पर पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे भी लोगों ने लगाया। मौके पर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम में अपनों को खोने वाले पारिवारिक जनों को राहत मिली होगी। जब आतंकियों के ठिकानों पर भारतीय सेना ने हमला किया। जिन कायर आतंकियों ने बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, ऑपरेशन सिंदूर से उन्हें ठंडक मिली होगी। देश की सेना को धन्यवाद करना चाहूंगा, जिन्होंने पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का नाम दुनिया के नक्शे से ही मिट जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए कहा कि 140 करोड़ भारतीय भारतीय सेना के साथ खड़ी है। इस मौके पर अरविंद कुमार, बिरजू ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, अशोक सिंह, कृष्णा सिंह, अमजद खान, सदाम अंसारी, सोनू ठाकुर, सुजीत ठाकुर, सलामत अंसारी, रियाजउद्दीन अंसारी, फिरोज अंसारी, मुस्तफा अंसारी, अनिल ठाकुर, धर्मेंद्र चौहान, राकेश चौहान, कृष्णा चौहान विनोद नोनिया आदि शामिल थे।

# विधायक अमित महतो ने किया सिलाई मशीन का वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सोनाहातू।** सोनाहातू प्रखंड जेएसएलपीएस सभागार में गुरुवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी द्वारा आदिवासी समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 36 महिला लाभुकों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमित कुमार महतो शामिल हुए। मौके पर विधायक ने कहा कि महिलाओ को स्वालंबी बनाना और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के उद्देश्य के राज्य सरकार की ओर से महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्या मंजू सिंह, प्रमुख विक्टोरिया देवी,उप प्रमुख सबिता देवी, जेएसएलपीएस के डीएम अभिषेक चांद, प्रमोद कुमार, बीडीओ खगेश कुमार, बीपीएम सुनील कुमार राणा आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

# खेती के लिए हर सुविधा मुहैया करायी जायेगी: कालीचरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने किसानों को आश्वस्त किया है कि खेती-बारी के लिए जिन सुविधाओं की आवश्यकता है, उसे पूरा किया जायेगा। उन्होंने किसानों को आह्वान किया कि वे उन्नत और वैज्ञानिक खेती के माध्यम से अधिक से अधिक खेतीकारी करें और आत्म निर्भर बनें। सांसद काग्रेय कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को तोरपा प्रखंड की दियांकेल पंचायत के मनहातू गांव की ग्रामसभा में पहुंचे। 144 परिवार वाले गांव में ग्रामसभा की बैठक चबूतरे में चल रही थी। सांसद भी ग्रामीणों के साथ ग्रामसभा में बैठ गये और गांव के लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। सांसद ने गांव में घूमकर वहां की सड़कों, जलस्त्रोतो और स्कूल की हालत को भी देखा। ग्रामसभा को संबोधित करते हुए सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि खेतों को हमेश हरा-भरा रखें। उन्होंने ग्रामसभा के लोगों को बताया कि रांची जिले के बेड़ो-मांडर के गांवों और तोरपा के गांवों की भौगोलिक स्थिति लगभग एक समान है। उन्होंने किसानों से बेड़ो-मांडर के किसानों की तरह ही मेहनत कर खेतों में फसल उगाने का आह्वान किया। ग्रामीणों ने सांसद से खूंटी सिमडेगा रोड से उयूर भाया मनहातू पांच किमी लंबी सड़क बनाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में कच्ची सड़क के कारण काफी परेशानी होती है। वहीं मनहातू से उयूर जाने वाली सड़क पर गांव के पास ही सरना गढ़हा पर पुल नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में मवेशियों को लाना-ले जाना और आवश्यक कामों से मनहातू से उयूर आने-जाने में काफी परेशानी होती है। सांसद ने आश्वासन दिया कि इस पांच किमी लंबी सड़क को बनवाने की पूरी कोशिश की जायेगी।

**ग्रामीणों ने सांसद से कहा,गांव का विकास नहीं हुआ :** ग्रामसभा की बैठक में गांव के स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, चबुतरा की मरम्मत, सामुदायिक भवन का निर्माण कराने आदि आवश्यकताओं से ग्रामीणों ने सांसद को अवगत कराया। सांसद ने ग्रामीणों को तमाम समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपने को कहा है। मौके पर कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ट के प्रदेश महासचिव मो नईमुद्दीन खां, कांग्रेस के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, रनिया प्रखंड अध्यक्ष जोन कंडुलना, रनिया के सांसद प्रतिनिधि मो शमसुद्दीन अंसारी, विजय कुमार स्वांसी, मरियम आईंद, बबलू होरो आदि उपस्थित थे।

## कार्तिक गोप ने ग्रामीणों की दी कानूनी जानकारी



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के लेपाटांड नीच टोला में डोर टू डोर कार्यक्रम कर राष्ट्रीय लोक आदालत के बारे में अधिकार मित्र कार्तिक गोप ने जानकारी दिया। जिसमें पीएलवी कार्तिक गोप ने ग्रामीणों को राष्ट्रीय लोक आदालत के महत्व, कानूनी और सरकार के जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया।

## सुरक्षा बीमा के लाभार्थी को मिले दो लाख रुपये




**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजन के तहत लाभार्थी राहुल कुम्हार की माता सभ्या देवी जिसकी मृत्यु वज्रपात से हो गयी थी, जिनका खाता झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा दानाडीह में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा कराया था। पुत्र राहुल कुम्हार को ब्रांच मैनेजर पशुपतिनाथ के द्वारा दो लाख चेक के माध्यम से सुरक्षा बीमा लाभ प्रदान किया गया। बैंक द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख का बीमा राशि दी गयी। मौके पर सतीश तिग्गा, अशोक कुमार महतो, राज किशोर महतो उपस्थित रहे।

## पिपरवार के स्कूलों में ब्रह्माकुमारी संस्था ने चलाया नशा मुक्त अभियान

# डीएवी और हाइस्कूल में बच्चों को किया गया जागरूक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




डीएवी बचरा मे नशा मुक्ति कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक



बचरा हाई स्कूल के कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक एवं बच्चे

**पिपरवार।** ब्रह्माकुमारी संस्था भारत सरकार के महत्वाकांक्षी नशा मुक्त भारत अभियान में सक्रिय रूप से योगदान दे रही है। संस्था लगातार जागरूकता कार्यक्रम, परामर्श और पुनर्वास के माध्यम से लोगों को नशे की गिरफ्त से छुड़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला द्वारा राजयोगिनी शांति दीदी के मार्गदर्शन में पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा और उच्च विद्यालय बचरा में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी संस्था के द्वारा स्कूल के बच्चों को नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए शपथ दिलाया। जानकारी के अनुसार डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में ब्रह्मा कुमारी संस्था के द्वारा नशा मुक्ति अभियान में डकरा, बगरा और गुमला से आये सदस्य और डीएवी कल्याणपुर की प्राचार्या अभिलाषा सिंह का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्कुल की प्राचार्या डॉ आर चौधरी ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए संस्था द्वारा इस तरह का आयोजन काफी सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे। वही बचरा हाई स्कूल में भी नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे शामिल हुए। इस दौरान नशा पान से होने वाले दुष्प्रभाव एवं नुकसान के बारे में बच्चों को बताया गया। इस संबंध मे ब्रह्माकुमारी संस्था सुभाषनगर डकरा की बीके प्रीती दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान का नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग भारत सरकार के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुआ है। इसी के तहत, नशा मुक्त भारत अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ब्रह्मा कुमारी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही अज्ञान नींद से जागो झांकी का रथ गुमला शाखा के नेतृत्व में पिपरवार के कई स्कुलो मे जाकर बच्चो को झांकी दिखाया। इस अवसर पर सुभाषनगर डकरा से बीके प्रीति दीदी, गुमला से बीके पुर्णिमा दीदी, बीके ममता दीदी, बीके कुसुम दीदी, बीके मंगल भाई, बीके प्रेम कुमार, बीके कमल भाई, बीके संजय केसरी, बीके प्रतिभा देवी सहित डीएवी बचरा की प्राचार्या डॉ आर चौधरी, बचरा हाई स्कूल के प्राचार्या महेन्द्र पासवान, कामेश्वर महतो, संतोष कुमार सहित कई लोग मौजुद।

# सुखी गंझू ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना के प्रति जताया आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के सक्रिय सदस्य सुखी गंझू ने भारतीय सेना के द्वारा चलाये गये ऑपरेशन सिंदुर के प्रति आभार प्रकट किया है। साथ ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एंव वायुसेना, थलसेना और आर्मी के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे हुए निर्दोष लोगो की हत्या का सच्ची श्रद्धाजली है। भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई ने दुनिया को एक स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत आतंकवादी और उनके समर्थकों को खोज निकाल कर उन्हें सजा देगा। भारत की ओर से आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकवादियों के ठिकाने पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयर स्ट्राइक हमला पाकिस्तान मे घुसकर किया जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं देश की सुरक्षा बलों पर गर्व कर रहा हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत की ओर से यह एक ट्रेलर है अभी पाकिस्तान को पूरी फिल्म दिखाना बाकी है। हर कोई भारतीय सेवा के पराक्रम का सराहना कर रहा है। इस कार्रवाई से हम अपने देश के सेना में शामिल सभी सुरक्षा बलों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ आप उठाने वालों पर इसी तरह कार्रवाई की जायेगी।

## ओमप्रकाश ने अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी के साथ क्राइम समीक्षा बैठक की

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश ने गुरुवार को अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी के साथ क्राइम समीक्षा बैठक की। डीएसपी ने कहा कि क्षेत्र में वारंट की जानकारी ली गयी। अपराध रोकने को लेकर सभी जगह पर पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ाने की बात की गयी। इस अवसर पर बुंडू, तमाड़, सोनाहातू, राहें, तैमारा और महिला थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## कांची नदी के किनारे से मजदूर का शव बरामद

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सोनाहातू थाना क्षेत्र के हारिन पुल के पास कांची नदी के किनारे 31 वर्षीय मजदूर सोनू विश्वकर्मा का शव बरामद हुआ। वह गढ़वा जिले का निवासी था और पुल निर्माण कार्य में मजदूरी करता था। सुबह स्नान के लिए गया था और लौटकर नहीं आया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है और आशंका है कि मौत पानी में डूबने से हुई है।

# अधूरे आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण जून माह तक हर हाल में पूरा करें : डीडीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में हुई बैठक में समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित विभिन्न कार्यों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों से संबंधित विषयों की समीक्षा की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त ने निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों का कार्य जून माह तक हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश संबंधित कार्यपालक अभियंता को दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के लिए जल छाजन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

साथ ही, सभी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, विद्युत आदि सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, उन्हें चिह्नित कर यथाशीघ्र विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। आंगनबाड़ी केंद्रों में दी दिये जा रहे पोषाहार और अन्य सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग और ऑनलाइन पोषण ट्रैकर पर अद्यतन दर्ज करने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा, रिक्त सेविका और सहायिका के पदों पर चयन प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने एवं टीएचआर के लाभार्थियों का एफआरए पूर्ण करने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में जिला समाज कलययाण पदाधिकारी ,विभिन्न विाागों के कार्यपालक अभियंता, बीडीओ, सीडीपीओ समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षा के लिए हर जरूरी संसाधन उपलब्ध कराया जायेगा : विधायक सुदीप गुड़िया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि शिक्षा में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जायेगी। शिक्षा के लिए जो जरूरी संसाधन हैं, उसे बतायें, सभी जरूरतें पूरी की जायेंगी। पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत नहीं होगी। विधायक गुरुवार को जीइएल चर्च गोविंदपुर के सदस्यों के निमंत्रण पर गोविंदपुर मिशन कंपाउंड पहुंचे थे। वहां पहुंचने पर चर्च के सदस्यों के साथ ही जुबली उच्च एवं मध्य विद्यालय तथा बालिका प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उनका स्वागत किया। सुदीप गुड़िया ने कहा, मुझे अपने पूरे विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, सड़क पर काफी काम करना है। उन्होंने कहा कि मैं आपको भरोसा देता हूं कि तोरपा को अदर्श विधानसभा के रूप में विकसित किया जायेगा। आप मुझे काम के बारे में जानकारी दें कोई भी अपने आवश्यकता को मुझे बताएं आप मुझे अपने हर सुख-दु:ख को बताएं, मैं आपका भाई आपका बेटा बनकर आपके साथ खड़ा हूं। मौके पर पादरी मसकलन बरला, पादरी महानंद बरला, पादरी मनोहर कंडुलना, पादरी विश्राम कंडुलना, जुबली उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक जुबली टोपनो, लूथरन बालिका उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रीता मरियम सुरीन, अनुज हेमरोम, सुशील कंडुलना, बिपुल लकड़ा, उपल आईंड, अमृत होरो, इलियाजर भेगरा, मरियम सुरीन, सुमसी आईंद, अरमान तोपनो, अजित तोपनो, राहुल केशरी आदि मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ सम्मेलन का आयोजन



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मैक्लुस्कीगंज में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह और मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के सचिव सरजू प्रसाद साहु, प्रधानाचार्य लखन कुमार गुप्ता, अभिभावक नूतन सिंहा एवं चंद्रदेव उरांव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में लगभग 55 अभिभावकों की उपस्थिति रही। बहन अनु कुमारी, दीपांजलि, निशा कुमारी, दीपिका कुमारी के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। उपस्थित भैया-बहनों ने दादा-दादी स्वं माता-पिता का चरणवंदन किया। कार्यक्रम से प्रभावित होकर कई दादा-दादी और माताएं भावुक हो गयी, जिसका स्पष्ट प्रभाव देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन संजय प्रसाद एवं कार्यक्रम प्रमुख ममता गुप्ता का सहयोग रहा। विद्यालय के सभी आचार्य रमाशंकर सिंह, सरिता गुप्ता, विजय कुमार, पिंकी कुमारी, सुशीला कुजूर, सरिता कुमारी नगीना का सहयोग कार्यक्रम को सफल बनाने में रहा।

### कृषि मंत्री ने लापुंग में 1.17 करोड़ की लागत से तीन स्कूल भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# शिक्षित समाज से ही होगा विकसित समाज का सपना पूरा: शिल्पी तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** 'पढ़ेगा झारखंड, तो बढ़ेगा झारखंड' की सोच को साकार करने की दिशा में राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर विधानसभा क्षेत्र के लापुंग प्रखंड में गुरुवार को स्कूल भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। लापुंग प्रखंड के तीन सरकारी स्कूलों में एक करोड़ 17 लाख 82 हजार रुपये की लागत से भवन का निर्माण होगा। लापुंग राजकीयकृत मध्य विद्यालय में 55 लाख 94 हजार रुपये की लागत से 8 कमरे का भवन निर्माण होना है। जबकि डाड़ी राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 30 लाख 94 हजार रुपये की लागत से चार कमरे का भवन और पीएम श्री अपग्रेडेड हाई स्कूल सरसा में 30 लाख 94 की लागत से चार कमरे का भवन निर्माण होगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ ही अभिभावकों में भी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भवन के अभाव में छात्रों के नामांकन की गति थम गई थी। मांडर विधानसभा क्षेत्र का जन प्रतिनिधि होने के नाते मेरा कर्तव्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से अछूता ना रह जाए। आज जब स्कूल भवन निर्माण का शिलान्यास हुआ है तो निश्चित रूप से नामांकन प्रक्रिया को गति मिलेगी। मंत्री ने कहा कि हमेशा से ही सरकारी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते रहे है। राज्य के सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाले आज आइएएस, आइपीएस, डॉक्टर और इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। इस लिए कड़ी मेहनत और लगन के साथ शिक्षा के क्षेत्र में अपने लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। बच्चों की शिक्षा में उनके माता-पिता की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। बच्चों के लिए उनके माता-पिता को शिक्षक की भूमिका निभानी होगी, क्योंकि बच्चें अपने घर से अच्छा-बुरा सब कुछ सीखते है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने कहा है कि शिक्षित समाज से ही विकसित समाज की परिकल्पना संभव है। इस लिए साक्षरता का दर कैसे बढ़े इस ओर समाज और हर एक परिवार को कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक, प्रखंड कार्यालय के अधिकारी और बुद्धिजीवी आदि मौजूद थे।





स्कूल भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास करती राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सरकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की।

# अंतरराष्ट्रीय युवा विकास फाउंडेशन संस्था के नाम पर 35 लाख की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के रहने वाले समाजसेवी प्रेम परम आनंद ने अंतरराष्ट्रीय युवा विकास फाउंडेशन नामक संस्था पर 35 लाख रुपये की ठगी का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने साइबर थाना रांची में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रेम परम आनंद जो रोटरी क्लब सहित कई समाजसेवी संस्थाओं से जुड़कर गरीब और अनाथ बच्चों के लिए काम करते है, ने बताया कि अगस्त 2024 में सिंगापुर निवासी एक कथित अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक ने उनसे संपर्क किया। उसने गरीब और अनाथ बच्चों के कल्याण के नाम पर अंतरराष्ट्रीय युवा विकास मंच से जुड़कर कार्य करने का प्रस्ताव दिया। शुरूआती दिनों में संस्था द्वारा शिक्षण किट वितरण जैसे कार्यक्रमों में उन्हें शामिल किया गया, जिससे विश्वास मजबूत हुआ। कुछ महीनों बाद मंच ने वेल्थ ऑन गो नामक एक ऐप लांच किया और स्वयंसेवकों को इससे जोड़ते हुए उत्पादों में निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच दिया। शुरूआत में छोटे निवेश पर लाभ मिलने के बाद, प्रेम परम आनंद ने अपनी टीम से लगभग 25 लाख और उनके मित्र पुस्कर कुमार ने करीब 10 लाख रुपये विभिन्न लोगों से लेकर ऐप में निवेश किए। धीरे-धीरे यह स्पष्ट हुआ कि यह एक योजनाबद्ध धोखाधड़ी थी और कुल 35 लाख रुपये की ठगी की गई। पीड़ितों ने इस ठगी के लिए प्रवीन कुमार, राजेश वर्मा, विष्णु, तामरेई कानी और हसीना नामक युवती को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में साइबर थाना के थानेदार सह डीएसपी ने बताया कि प्राप्त आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# सिंगरसराय के पीडीटोला से भारी मात्रा में डोडा जब्त

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिंगरसराय गांव स्थित पीडीटोला से पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में 103 बोरियों में भरी डोडा की खेप एक सुनसान घर से बरामद की गई। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि सिंगरसराय के एक सुनसान इलाके में बने कच्चे घर में मादक पदार्थ डोडा की बड़ी खेप छिपाकर रखी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ वे मौके पर पहुंचे और गांव के पीडीटोला क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान उन्हें एक टूटा-फूटा कच्चा घर मिला, जो बाहर से बंद था। ग्रामीणों ने बताया कि यह घर गांव के ही जेगो मुंडा का है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में घर का ताला तोड़ा। घर के भीतर से डोडा की भारी खेप बरामद की गई, जिसे ट्रक मंगाकर जब्त किया गया और थाने लाया गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी जेगो मुंडा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि डोडा की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसका नेटवर्क कितना बड़ा है।



# अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए बुजुर्गों के बताये मार्ग पर चलना होगा : प्रखंड प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड क्षेत्र के केसारो गांव में गुरुवार को मंडा पूजा को लेकर एडचोरो पंचायत के मुखिया परना उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें विभिन्न गांव के सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। इस दौरान केसारो शिव मंडा पूजा को पारंपरिक तरीके से धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गयी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 13 मई को फुलखूंदी एवं 14 मई को झूलन के साथ ही रात में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति की रक्षा एवं इसे आगे बढ़ाने के लिए के लिए अपने बुजुर्गों के बताए राहों पर चलना होगा। उन्होंने लोगों से कहा कि केसार मंडा पूजा को भव्य बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं। इस मौके पर सुनील कच्छप, अमृत कच्छप, शिवम गोप, बजरंग महली, विक्की कच्छप, विकास कच्छप, डेविड कच्छप, लक्की गोप, प्रशांत तिर्की, गूजा कच्छप, सोनू महली, सोमा मिंज, प्रवीण तिर्की, श्याम गोप, किशोर लोहरा और विजय कच्छप आदि उपस्थित थे।



# अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**अनगड़ा/ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। उनकी पहचान रेहान राजा (22) और उज्ज्वल कुमार (25) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पहली घटना अनगड़ा के रिंगरोड हेसल टोल प्लाजा के समीप गुरुवार की रात हुई। सड़क दुघर्टना में हजारीबाग जिले के मुफसिल थाना क्षेत्र के मेरू निवासी रेहान राजा (22) की मौत हो गई। बताया जा रहा कि वह अपने तीन दोस्तों के साथ दो बाइक पर सवार होकर टाटा से अपने घर हजारीबाग वापस लौट रहे था। तभी टोल प्लाजा ब्रेकर के समीप पीछे से जा रहे एक ट्रक ने एक बाइक को धक्का मार दिया। जिससे रेहान राजा की मौके पर ही मौत हो गयी। इसकी सूचना पाकर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने ट्रक एवं बाइक को जब्त कर लिया। दूसरी घटना, ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के इटहे नदी के पास बुधवार की देर रात हुई। जहां एक कार पलट जाने से उसमें सवार रेहान राजा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। उनका इलाज नीजि अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार हिसरी गांव स्थित सन ईंट भट्ठा के मालिक तुलसी साहू के पुत्र अंश कुमार अपने दो दोस्तों सिसई निवासी उज्ज्वल कुमार और गया निवासी शिवनाथ के साथ भट्ठा से रातू की ओर कार से जा रहा था। इसी बीच इटहे नदी के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उज्ज्वल कुमार की मौत हो गई। जबकि अंश और शिवनाथ घायल हो गए। थाना प्रभारी विनित कुमार ने घायलों को अस्पताल भेजा गया है। साथ ही गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है।

# कृषि उन्नति के लिए वार्षिक कार्य योजना पर 29वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम के दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र में जिले की कृषि उन्नति के लिए वार्षिक कार्य योजना पर 29वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति (एसएसी) की बैठक की गयी। बैठक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-अटारी), जोन-चार, पटना के तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत आईसीएआर गीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ अजीत कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया। वहीं, पटना आइसीएआर-अटारी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ डीवी सिंह,ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि डॉ भी मौनोबरुल्लाह एवं डॉ अमरेंद्र कुमार ने परिचयात्मक टिप्पणियां साझा कीं। मुख्य अतिथि झारखंड समेती के निदेशक विकास कुमार ने वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कृषकों को कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी प्रयोगों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। जबकि विशिष्ट अतिथि स्वामी भावेशानंद जी महाराज, सचिव, रामकृष्ण मिशन आश्रम ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों को किसानों तक पहुंचाना कृषि विज्ञान केंद्र की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। डॉ डीवी सिंह ने महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण, कुपोषण निवारण और कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, डॉ आरएस पान, प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर-पलांडू ने रोग प्रतिरोधी सब्जियों के प्रचार-प्रसार और 'स्वर्ण वसुंधरा' सोयाबीन जैसी उन्नत किस्मों को बढ़ावा देने की अपील की। बैठक में रांची जिले के प्रगतिशील किसान, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के प्रतिनिधि, जिला स्तरीय कृषि, उद्यान, पशुपालन, नाबार्ड, जेएसएलपीएस, जेटीडीएस आदि विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर 'पोषक अनाज आधारित पाक कला' विषयक तकनीकी पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रविन्द्र कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमरेन्द्र कुमार ने किया।



# मंडा पूजा हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है : सन्नी टोप्पो

**पुरियो मंडा पूजा में फूलखूंदी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के पुरियो गांव में मंडा पूजा महासमिति पुरियो के तत्वावधान में वार्षिक मंडा पूजा समारोह के दूसरे दिन धार्मिक अनुष्ठान के बाद धुंआ सुंआ एवं फूलखूंदी किया गया। वहीं, रात में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। उन्होंने कहा कि मंडा पूजा हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने स्थानीय लोगों को इस आयोजन के लिए बधाई दी और उनकी भागीदारी की सराहना की। वहीं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने नृत्य और संगीत से ग्रामीणों को खूब झूमाया। इस मौके पर बलराम सिंह, नीरज कुजूर, नवदीप कुमार महतो, आनंद साहू, कुबा पहान, जतरू उरांव, अंजली कच्छप, शशि टाइगर आदि मौजूद थे। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडा पूजा महासमिति के अध्यक्ष सुखलाल तिर्की, विनोद मिंज, जितेंद्र गिरी, सरोज गोप, सुशांत गोप, प्रदीप मिंज, पूनई उरांव, दशरथ भगत आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## विद्यालय हस्तांतरण का विरोध, धरने पर बैठे छात्र-अभिभावक

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को अभिभावको एवं छात्रों ने धरना दिया। छात्र एवं अभिभावक चान्हो मॉडल स्कूल 20 का सोपारम में नवनिर्मित भवन में हस्तांतरण का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि विद्यालय को जिस जगह पर हस्तांतरित किया गया है, वह वर्तमान विद्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर है। जिससे छात्रों को काफी असुविधा होगी। साथ ही सुरक्षा की दृष्टिकोण से भी वह क्षेत्र काफी सुनसान है। जिसे विद्यालय आने जाने में भी असुविधा होगी। आंदोलन कर रहे लोगों ने डीसी के नाम से ज्ञापन देकर मांग की है कि हस्तांतरण को अविलंब रोका जाए। अगर नहीं रोका गया तो अभिभावक-छात्रों के साथ सड़क पर उतर कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो भी उपस्थित हुए।



## बेड़ो के कटरमाली गांव में दो जंगली हाथियों ने घर को किया ध्वस्त

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया पंचायत के कटरमाली गांव में बुधवार की रात 11 बजे दो जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों ने इसी गांव के किसान जतरु उरांव के घर को तोड़ दिया और उसमें रखे अनाज एवं 10 बोरा धान को खाकर और छीटकर बर्बाद कर दिया। घर की चारदीवारी भी तोड़ दी। जतरु उरांव और उनके स्वजनों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। वहीं शोर मचाने पर ग्रामीण भी एकत्र हो गये और हो हल्ला मचाकर हाथियों को वहां से भगा दिया। इससे दहशत है।

# विवाद में गयी बुजुर्ग की जान, लोगों ने किया बवाल

**तीन घंटे तक जाम रहा बुढ़मू-रांची मुखपथ और थाना गेट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़मू गांव में घर के प्लास्टर को लेकर पिछले कई महीनों से दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद से बुढ़मू निवासी अफजल अंसारी नामक वृद्ध व्यक्ति की जान चली गई। इससे आक्रोशित परिजनों-लोगों ने जमकर बवाल काटा। लोगों ने बुढ़मू-रांची मुखपथ और थाना गेट को करीब तीन घंटे तक जाम कर प्रदर्शन किया। हालांकि पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया।

## ये है मामला

उमेडंडा निवासी संजय साहू ने जमीन खरीद कर घर बनया था। घर बनाने से लेकर पिछले घर की दीवाल पर प्लास्टर लगाने को लेकर विवाद शुरू हो गया था। धीरे-धीरे विवाद गहराता गया। इसी बीत गुरुवार को फिर से उक्त मुद्दे को लेकर विवाद हो गया। जिसमें अफजल अंसारी की मौत हो गयी। यह खबर फैलते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। आक्रोषित लोगों ने बुढ़मू-रांची मुखपथ को करीब तीन घंटे जाम कर दिया और संजय साहू सहित अन्य पर कार्रवाई की मांग करने लगी। उधर, घटना की सूचना पाकर बीडीओ धीरज कुमार, सीओ सचिदानंद वर्मा, डीएसपी खलारी आरएन चौधरी, इंस्पेक्टर मांडर और थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो मौके पर पहुंचे और उपस्थित लोगों को शांत कराया। वहीं, मृतक के परिजनों ने थाना में दिए आवेदन में अफजल अंसारी की मौत का जिम्मेदार संजय साहू को बताया है। आरोप लगाया कि अफजल अंसारी के साथ संजय साहू ने मारपीट करने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया है। दूसरी ओर, मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी आरएन चौधरी ने कहा कि मृतक का पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की देखरेख में मेडिकल बोर्ड का गठन कर किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। पुलिस ने संजय साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



### कुच्चू में महायज्ञ के आठवें दिन प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मूर्तियों कराया गया नगर भ्रमण

# समाज में परिवर्तन शस्त्र से नहीं, शास्त्र से होगा : अतुल कृष्ण भारद्वाज

### सत्संग में मिले अच्छी चीजों को आत्मसात करें : अन्नपूर्णा देवी, सुदेश महतो ने भी लिया आशीर्वद

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड अंतर्गत कुच्चू स्थित जगदंबा शिव संकट मोचन मंदिर में आयोजित श्रीश्री 1008 शिव शक्ति हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के आठवें दिन गुरुवार को मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर भ्रमण कराया गया। धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम सह राम कथा में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री अन्नपूर्णा देवी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत, कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, डुमरी विधायक टाईगर जयराम महतो, दिनेशा नन्द गोस्वामी, सरिता देवी, विजय पाठक, ललित ओझा, रंजन पटेल, राकेश भास्कर आदि शामिल हुए। जिन्हें राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी एवं आयोजन समिति के लोगों ने अंगवस्त्र एवं दुर्गा मां की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, कार्यक्रम में रंधीर चौधरी, अमरनाथ चौधरी, दिलीप मेहता, दीपक बड़ाइक, राजेश गुप्ता, समुद्र पहान, रामकुमार महतो, मानकी राजेंद्र साही, संतोष गुप्ता, शिव कुमार मेहता, ललिता देवी, शंकर महतो, नीरज नायक, शशी मेहता, संजय साहू, सत्यनारायण तिवारी, दुर्गा शंकर साहू, संतोष कुशवाहा और सुभाष साहू सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि समाज में परिवर्तन शस्त्र से नहीं, बल्कि शास्त्र से होगा। राजा दशरथ के मृत्यु प्रसंग को समझाते हुए कहा कि भरत जी जीवन भर अपनी मां का त्याग कर दिये। मां कौशल्या के वात्सल्य रस का भी रस पान भक्तों को भरत के माध्यम से कराया गया। कहा कि राम चरित मानस और श्रीमद् भगवत गीता जैसे ग्रंथ के कारण ही सनातन धर्म जागृत है। वहीं, राम कथा में आई केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सत्संग में मिले अच्छी चीजों का आत्मसात करना चाहिए। मांग दुर्गा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु होने की भी कामना की। वहीं, महायज्ञ के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष रामटहल चौधरी, राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, नीतीश साहू, अरविंद प्रसाद, संजय कुमार, अंकित राज, रंधीर चौधरी, नागेंद्र साहू, प्रेम कुमार, कृष्णा महतो, बालक महतो, भरत गुप्ता, अमित कुमार, शशि भुषण साहू, कुलदीप कुमार, दिलेश्वर साहू, रविंद्र महतो, दिलीप भंडारी, आशीष साहू, विजय आनंद, चंद्र भूषण मेहता, राकेश कुमार अ्रौ राम प्यारे महतो आदि का योगदान सराहनीय है।



केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को मां दुर्गा की प्रतिमा देकर सम्मानित करते पूजा समिति के सदस्यगण।

# नशीले पदार्थ की बिक्री रोकने की मांग, एसपी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी ने गुरुवार की अपराह्न 3 बजे पुलिस अधीक्षक गुमला को ज्ञापन सौंपते हुए शहर में नशीली पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। देवकी ने बताया जिले में ब्राउन शुगर, डेंड्राइट, गांजा चुल्लू शराब और कई तरह के नशीली पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। युवक और स्कूली बच्चे इसका तेजी से इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं कई लड़कियों को भी ब्राउन शुगर की लत लग गयी है। गुमला शहर में कई स्थानों पर धड़ल्ले से ब्राउन शुगर की बिक्री की जा रही है। पुलिस द्वारा कई लोगों को इस मामले में जेल भेजा गया है लेकिन जेल से निकलने के बाद पुनः नशे के कारोबार में वे शामिल हो जाते हैं। देवकी देवी ने नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं शहर के कई स्थानों में चुल्लू शराब की बिक्री की जाती है जो काफी खतरनाक है। वह धीरे-धीरे दीमक की तरह शरीर को खोखला कर देता है। जिसकी लत लगने के बाद लोगों की मौत हो रही है। कई महिलाओं की मांग सुनी हो रही है। वहीं शहर में कई स्थानों पर वाहन के अंदर जुआ का खेल भी हो रहा है। टेंपो और पिकअप चालक शहर में जगह-जगह जुआ खेल रहे हैं। मामले की जानकारी गुमला थाना को देने के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# सोमेर गांव की बंजर भूमि पर हो रही है आम बागवानी, रागी, धान और तरबूज की खेती

## डीसी ने किया रामतोलिया पंचायत के सोमेर गांव का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा/ गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के क्रम में कामडारा प्रखंड अंतर्गत रामतोलिया पंचायत स्थित सोमेर गांव का दौरा किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने गांव में हुए कृषि एवं अन्य विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों से संवाद कर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

गांव भ्रमण के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने उपायुक्त को बताया कि पूर्व में यह क्षेत्र पूरी तरह से बंजर था और यहां किसी प्रकार की कृषि नहीं होती थी। परंतु जिला



प्रशासन एवं विभिन्न सहयोगी संस्थाओं विशेषकर जेएसएलपीएस और प्रदान संस्था के संयुक्त प्रयासों से गांव की तस्वीर बदल गयी है। महिलाएं अब सक्रिय रूप से कृषि कार्यों में भागीदारी कर रही हैं तथा उन्होंने उपायुक्त को सामाजिक, जल संसाधन इत्यादि से संबंधित विभिन्न विकासात्मक मानचित्र भी प्रस्तुत किये। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में गांव में बंजर भूमि का उपयोग कर आम बागवानी, रागी, धान, तरबूज आदि की खेती की जा रही है। लगभग 7.5 एकड़ बंजर भूमि पर 14 लाभुकों के माध्यम से आम बागवानी का कार्य संचालित है। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने जानकारी दी कि गांव में अब तक 70 से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया गया है। उपायुक्त श्री सत्यार्थी ने आम बागवानी स्थल सहित अन्य कृषि क्षेत्रों का भी दौरा किया एवं ग्रामीणों को हर संभव प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पानी एवं बिजली से संबंधित समस्याओं को भी उपायुक्त के समक्ष रखा, जिस पर उपायुक्त ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के सहयोग हेतु आभार प्रकट किया। उपायुक्त के साथ एसडीओ बसिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी कामडारा, अंचल अधिकारी कामडारा सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान ने सिकरी स्कूल में निकाली जागरूकता रैली



**जारी (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के नेतृत्व में गुरुवार को जारी प्रखंड अंतर्गत आरसी प्राथमिक विद्यालय डूंबरटोली के बच्चों एवं शिक्षको के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली मे बच्चों के द्वारा बाल विवाह मिटाना है, बोझ न समझो बेटी को अब आजादी दो बेटी को, शिक्षा जीवन का आधार है इसके बिना जीवन बेकार है, हम सबका है एक विचार बाल विवाह मुक्त परिवार,सुनो गौर से देश वासी अब ना होगी बच्चों की शादी, आओ मिलकर बढ़ाए कदम बाल विवाह मिलकर करें खत्म, बाल विवाह अपराध है लड़का हो या लड़की दोनों के लिए श्राप है जैसे कई नारे लगाये गये। वहीं मौके पर उपस्थित लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के सीएसडब्लू नीलम बेक ने कहा कि बाल श्रम बच्चों का अधिकारों का उलघंन है और इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। मौके पर आरसी प्राथमिक विद्यालय डूंबरटोली के शिक्षक अनिमा मिंज, अश्विन मिंज एवं स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित थे।

# 15 किसानों के बीच बकरियों का वितरण



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड मुख्यालय मे आज गुरूवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत प्राप्त 15 किसानों के बीच कुल 75 बकरियों का वितरण जारी प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा के द्वारा किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित टीभीयू रितु टोप्पो ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 15 किसानों के बीच बकरी का वितरण किया गया जिसमे एक लाभुक को चार बकरी और एक बकरा का वितरण किया गया। प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत चयनित लाभुको को वितरण किया गया है। साथ ही कहा कि बकरियों का पालन पोषण अच्छा से करें और आपना आय को बढायें। उन्होंने कहा कि समय समय पर बकरियो टीकाकरण करायें ताकि बकरियों मे बीमारी न हो।

# उत्पाद विभाग ने दुकानों में मादक और नशीली पदार्थों की तलाशी ली

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** बसिया एसडीओ जयवंती देवगम के निर्देश पर जिले के उत्पाद अधीक्षक के नेतृत्व में बसिया अनुमंडल क्षेत्र में उत्पाद विभाग के द्वारा कई हाई स्कूलों व मिडिल स्कूलों के समीप दर्जनों दुकानों में मादक और नशीली पदार्थो की बिक्री की तलाशी ली गयी। यह तलाशी संत जोसेफ हाई स्कूल, उर्सुलाइन कॉन्वेंट, मोंटफोर्ड सेकेंडरी हाई स्कूल के आसपास चलाया गया। तलाशी के दौरान उन्हें किसी प्रकार का कोई मादक व नशीली पदार्थ नहीं मिला। इस दौरान मौके पर उपस्थित उत्पाद निरीक्षक प्रदीप कुमार करमाली ने दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी। कहा कि अगर स्कूलों के आसपास किसी भी दुकान में मादक व नशीली पदार्थों की बिक्री की जाती है और वे पकड़े जाते हैं तो उनपर कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि नशीली पदार्थो की बिक्री स्कूलों के आसपास किये जाने से बच्चो पर बुरा दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी स्कूलों के इर्द गिर्द कोई दुकानदार चोरी छुपे नशीली पदार्थो यथा पान, गुटखा, खैनी,बीड़ी सिगरेट आदि की बिक्री करता है तो उन्हें इसकी गुप्त सूचना दें। विभाग फौरन इस पर कार्रवाई करेगी। इस पर दुकानदारों ने भी उन्हें किसी प्रकार का नशीली व मादक पदार्थों के नही बेचे जाने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद निरीक्षक ने संत जोसेफ हाई स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान विद्यार्थियों को उन्होंने नशा व मादक पदार्थों से होने वाले नुकसान की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षक ने कहा की कोई भी नशा उनके और आने वाली पीढ़ी के जीवन व तरक्की को बबार्दी की ओर धकेलता है। उन्होंने इसके सेवन भविष्य में नही किये जाने को लेकर बच्चो को संकल्प दिलाया। इस मौके पर विभाग के सहायक अवर निरीक्षक विकास कुमार निराला समेत सिपाही एवं गृह रक्षक और बल के जवान उपस्थित थे।

# पालकोट में किशोरी ने कीटनाशक खाया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी ने गुरुवार की सुबह कोबरा नामक कीटनाशक खा लिया। स्थिति खराब होने पर उसे गुरुवार की सुबह 10 बजे सदर अस्पताल गुमला लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। हालांकि किशोरी ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसका स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने बताया घर में शादी का माहौल है एक दिन पूर्व उसके भाई की शादी हो गई। वहीं गुरुवार को उसकी बड़ी बहन की शादी है। इसी बीच लड़की ने कीटनाशक खा लिया। किशोरी आठवीं तक पढ़ाई कर पिछले साल ही पढ़ाई छोड़ चुकी है और घर पर ही रहती है। किशोरी से कारण पूछने पर उसने कुछ नहीं बताया। परिजन भी घटना को लेकर स्पष्ट कुछ नहीं बता पाये। कोबरा नामक कीटनाशक का उपयोग दिमक को मारने के लिए किया जाता है।

# केन और बांस के प्रशिक्षणार्थियों के बीच ऑनलाइन टूल किट का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** विकास भारतीय स्थित महात्मा गांधी सभागार में गुरुवार को केन एवं बांस के 80 प्रशिक्षणार्थियों को ऑनलाइन टूल कीट वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुंबई कार्यालय से संचालित किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत संबोधन पूर्वी क्षेत्र के सदस्य मनोज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। केवीआइसी के अध्यक्ष मनोज कुमार द्वारा संस्था के उपलब्धि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। एमएसएमइ के मंत्री जीतनराम मांझी द्वारा युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार युक्त करने की दिशा में केवीआइसी के कार्यों की प्रशंसा की गयी। उनके द्वारा सांकेतिक रूप में मुंबई कार्यालय से टूल कीट एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। विकास भारती बिशुनपुर में खादी और आयोग रांची के सहायक निदेशक सुनील कुमार सिंह और गैर विभागीय प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य पंकज कुमार सिंह के द्वारा टूल कीट और प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर केन और बांस के 80 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# 18 वर्ष के नये मतदाताओं का नाम जोड़ें : बीडीओ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक परिसर के सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने बीएलओ कर्मी के साथ बैठक किया। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में बीएलओ कर्मी के संपूर्ण विवरणी एरो नेट में संपादित कराया गया। जहां 50 फीसदी बीएलओ का संपूर्ण विवरण एयरोनॉट में संपादित किया गया। वही बीडीओ दिनेश कुमार ने सभी बीएलओ को प्रपत्र 6,7,8 भरने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही कहा कि मृत व्यक्तियों का नाम हटाये। 18 वर्ष के नये मतदाताओं का नाम जोड़े। सभी बीएलओ कर्मी इमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मौके पर निर्वाचन कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो सहित कई बीएलओ कर्मी उपस्थित थे।

## अवैध खनन के विरुद्ध प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई

# खनन टास्क फोर्स ने एक ट्रैक्टर और हाइवा पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** गुरुवार को सिलाफरी पंचायत के नवाटोली चौक के समीप एक ट्रैक्टर और एक हाइवा वाहन को खनन टास्क फोर्स ने अवैध रूप से बालू लोड करते हुए पकड़ा लिया। जिला खनन पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 08 मई की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी। जैसे ही खनन टास्क फोर्स वहां पहुंची, ट्रैक्टर और हाइवा चालक मौके से भाग निकले। जांच में पाया गया कि उक्त स्थल पर किसी प्रकार का वैध लाइसेंस निर्गत नहीं है और बालू का अवैध भंडारण एवं उत्खनन किया जा रहा था। दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है और संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की जा चुकी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि झारखंड खनिज नियमावली 2004 और झारखंड खनिज अधिनियम के तहत दोषियों को सख्त सजा दी जायेगी। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध खनन संबंधी किसी भी गतिविधि की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों से साझा करें।

# दो बाइकों की टक्कर में बुजुर्ग महिला घायल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र स्थित महुआडीपा भगत पेट्रोल पंप के समीप एनएच फोरलेन पर गुरुवार सुबह लगभग 10:45 बजे दो बाइक की जोरदार टक्कर में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अम्बुआ निवासी राहुल कुमार अपनी भाभी को पैशन प्रो बाइक पर बैठाकर तेज गति से सिसई बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे शिवनाथपुर निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति, जो लूना मोपेड चला रहे थे, से टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। इस दुर्घटना में अंबुआ निवासी दुष्यंत साहू की पत्नी लीलावती देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। उनके कान के अंदरूनी हिस्से में गहरी चोट आयी जिससे खून बहने लगा। वहीं लूना चालक बुजुर्ग व्यक्ति को पैर में हल्की चोटें आयी और बाइक चालक राहुल भी मामूली रूप से घायल हुआ।

# अष्टम वेतनमान में शामिल नहीं करने पर पेंशनरों ने जताया रोष

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक अध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 1 जनवरी 2026 से प्रस्तावित अष्टम वेतनमान में जनवरी 2026 से पूर्व सेवानिवृत्त कर्मियों को शामिल न किये जाने की संभावित सूचना से पेंशनरों में गहरा असंतोष देखने को मिला। उपाध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता ने चेतावनी दी कि यदि सभी पेंशनरों को समुचित लाभ नहीं दिया गया तो राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति बनायी जायेगी। बैठक में नगर परिषद के चार सेवानिवृत्त कर्मियों और एक पारिवारिक पेंशनभोगी ने सात माह से पेंशन न मिलने की शिकायत की। इस पर सचिव महावीर प्रसाद मिश्र ने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा कि एक शिष्टमंडल जल्द ही नगर परिषद प्रशासक से मिलकर त्वरित भुगतान की मांग करेगा। बैठक में समाज की आर्थिक संरचना पर भी चर्चा हुई और सदस्यों से समय पर सहयोग राशि जमा करने का आग्रह किया गया। इस दौरान सिसई से एक और गुमला से सात नए सदस्यों ने समाज की सदस्यता ली, जिनका सभी ने स्वागत किया। वहीं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की गयी। अंत में वरिष्ठ सदस्य हीरालाल सिंह को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर डोमन राम मोची, चन्द्र नाथ प्रसाद, रंथू साहू, सदाशिव नन्द, कालिदास उरांव, जगतपाल भगत, रीक्षपाल राम, पाण्डो देवी, बिमला देवी, जितिया उरांव, रामचंद्र साहु, तेरेसा बखला, नंदलाल उरांव, कोरोलिना एक्का, मेलानी एक्का, आन्ददित कुजूर, मेझरेन मिंज, अगस्तुस एक्का, महिन्द्र बेक, बंधन उरांव, तारामणि एक्का, सोहन मिंज, लीलावती देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# देवाकी में युवक ने लगायी फांसी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवाकी ग्राम निवासी लगभग 22 वर्षीय सूरज उरांव ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की। जानकारी के अनुसार देवाकी ग्राम निवासी सूरज उरांव का शव गुरुवार को उसके घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर जब लोग शौच करने के लिए गये थे तब झाड़ी कुदुर नामक जगह पर पेड़ में फंदे से झूलता हुआ देखा। जिसके बाद इसकी सूचना परिजन ओर घाघरा थाना को दी गयी। घाघरा पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक के पिता कृष्णा उरांव ने बताया कि सूरज का 11 मई को शादी था। आज लड़की के घर मुंह देखवनी कार्यक्रम में जाना था। शादी की तैयारी को लेकर बीते रात हम सभी मिठाई बना रहे थे इसी दौरान सूरज घर आया और अपने कमरे में चला गया हम लोगों ने सोचा कि वह पहले की तरह अपने रूम में सोया होगा। अचानक ही सुबह सूचना मिल की उक्त स्थल पर सूरज का शव फंदे के सहारे झूल रहा है जिसके बाद हम सभी पहुंचे। इस संबंध में थानेदार पुनीत मिंज से पूछने पर उन्होंने कहा सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# शहीद फौजी टी किंडो को सीआरपीएफ ने दी श्रद्धांजलि



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** त्रिपुरा में शहीद फौजी टी किंडो को श्रद्धांजलि देने सीआरपीएफ बटालियन 158 लोहरदगा की टीम रायडीह प्रखंड के कांसीर गमहर टोली पहुंची। इस संबंध में बताया गया कि सीआरपीएफ के अधिकारी सुमित कुमार रायडीह पहुंच कर शहीद के परिजनों से मुलाकात की और उनका हाल जाना। तत्पश्चात सीआरपीएफ ने रायडीह प्रखंड के कांसीर गमहर टोली स्थित उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि उपरांत उन्होने बताया कि शहीद टी किंडो 7 मई 1997 को शहीद हुए थे। त्रिपुरा में आईडी ब्लास्ट में उनकी मौत हुई थी। उस समय वे सीआरपीएफ के 33 बटालियन में अपनी ड्यूटी निभा रहे थे। मौके पर रायडीह थाना के सुनील कुमार भी मौजूद थे।

# फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट पुलिस ने गुरुवार को वर्ष 14 के आर्म्स एक्ट के मामले के फरार अभियुक्त अरविंद कीड़ो ग्राम देवगांव थाना पालकोट के घर मे न्यायालय के आदेश पर इश्तहार चिपकाया। एएसआई प्रमोद कुमार और पुलिस बल ने इस्तेहार चिपकाने के बाद अरविंद कीड़ो के परिजनों से कहा कि परिजन जल्द से जल्द अरविंद कीड़ों को न्यायालय में सरेंडर कराये अन्यथा पुलिस कुर्की जब्ती की कार्रवाई करेगी।

## स्पोर्ट्स



चैंपियनशिप में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से 500 से ज्यादा कराटे प्लेयर्स भाग ले रहे है दिनांक 9 मई को 12 वर्ष एवं 13 वर्ष के बालक और बालिकाए कारटे प्लेयर्स भाग लेंगे।

# झारखंड राज्य कराटे चैंपियनशिप आज से

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में 09 मई से तीन दिवसीय झारखंड स्टेट सब जूनियर कैडेट एवं जूनियर कराटे चैंपियनशिप खेल गांव स्थित ताना भगत इंडोर स्टेडियम में प्रारंभ होने जा रहा है इस चैंपियनशिप में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से 500 से ज्यादा कराटे प्लेयर्स भाग ले रहे है दिनांक 9 मई को 12 वर्ष एवं 13 वर्ष के बालक और बालिकाए कारटे प्लेयर्स भाग लेंगे।

10 मई को 6 वर्ष से 11 वर्ष बालक एवं बालिकाए और 11 मई को 14 वर्ष से 17 वर्ष के बालक -बालिकाए प्लेयर्स भाग लेंगे।

झारखंड स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष हांसी मानस सिन्हा ने बताया कि इस चैंपियनशिप में वही भाग ले सकते है जो कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से मान्यता प्राप्त स्टाइल है और स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सदस्य है। इस चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले सभी बालक और बालिका प्लेयर्स देहरादून में होने वाले नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में एसकेएजे सीईओ के के सिंह, हांसी मानस सिन्हा, सचिव सेंसाई हेजाज असदक, शिहान नप्पु सिन्हा, शशि पांडे, रंजीत मेहता, संजय मिश्रा, मनोज शर्मा, संजय सोनकार एवं लगभग केआइओ से मान्यता प्राप्त 30 कराटे रेफरी और जज अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

# झारखंड पुरुष हॉकी टीम को मणिपुर से मिली जीत

**रांची (आजाद सिपाही)।** 07 से 13 मई 2025 तक राजगीर,बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 (यू 18) में आज खेले गये महिला वर्ग के हॉकी मैच में झारखंड पुरुष हॉकी टीम ने हॉकी मणिपुर को 1-0 से पराजित किया। इस मैच में झारखंड टीम की ओर एक मात्र गोल जोलेन टोपनो ने की। वन्हीं झारखंड महिला हॉकी टीम आज ओडिसा के खिलाफ गोल करने में असफल रही और 0-0 की बराबरी खेला अपना मैच। झारखंड पुरुष टीम की जीत और महिला टीम की ड्रॉ रहने पर खेल विभाग झारखंड सरकार और हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों बधाई दी है।

# फुलेरा में युवक ने लगायी फांसी

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के फुलेरा टोली निवासी बरम नायक का पुत्र 20 वर्षीय रोहित नायक ने अपने घर में ही फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रोहित नायक अपने घर से कुछ दूरी पर अपने दोस्तों के साथ बैठा था अचानक वहां से अपने घर चला गया। घर पहुंच कर लगभग 1:30 बजे तौलिए का फन्दा बना कर आत्महत्या कर लिया। कुछ देर बाद जब लोगों ने मृतक रोहित को बुलाने के लिए उसके घर गये तो देखा की रोहित फंदे से लटका हुआ है आनन फानन में रोहित को सामुदायिक स्वास्थय केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है की मामला प्रेम प्रसंग का हो सकता है। पालकोट पुलिस जाच उपरांत कार्यवाही की बात कर रही है।

# सीएम हेमंत और कल्पना सोरेन ने अनाया को दिया आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन मुर्मू ने अपने आवास पर कांग्रेस नेत्री अनूपमा सिंह एवं बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह की बड़ी बेटी अनाया सिंह को आइएसी 12वीं में 99.25 फीसदी अंक लाकर उत्तराखंड में अध्यनरत यूनिसन वर्ल्ड स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आशीर्वाद देने के साथ मुंह मिठा कराकर शुभकामनायें दी। कहा कि अनाया ने बेहतह प्रदर्शन कर झारखंड का नाम गौरवान्वित किया है। उसने कड़ी मेहनत कर जो मुकाम हासिल किया है वह सराहनीय है। इस मौके पर कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह और छोटी बेटी अस्मिता सिंह भी उपस्थित थी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला जज ने दिये दिशा-निर्देश



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर में आगामी 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। इसी कड़ी में गुरुवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बैंक, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों का निस्तारण हो इसके लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बाबत अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि सभी बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि ज्यादा से ज्यादा मात्रा में बैंक ऋण संबंधित वादों का निपटारा करने में योगदान दें। जिससे लोक अदालत में आए जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले और उनके वादों का त्वरित निपटारा हो सके। ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत की परिकल्पना को सार्थक किया जा सके।

# जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में राष्ट्रीय नर्स सप्ताह के तीसरे दिन रोचक खेलों का हुआ आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मांझीलाडीह के कोला कुसमा के बलियापुर रोड के जेपी अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर परिसर स्थित जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सप्ताह के तीसरे दिन गुरुवार को नर्सिंग के प्रशिक्षु विद्यार्थियों के बीच रोचक खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसका नेतृत्व जेपी ग्रुप की निदेशक डॉ किमी नित्यानंद मंडल ने किया। उन्होंने बताया कि यह खेल का आयोजन विद्यार्थियों को अपने एथलीट कौशल दिखाने एवं विभिन्न खेलों में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। यह खेल केवल शारीरिक फिटनेस प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं, बल्कि खेल भावना और टीम वर्क जिसमें समन्वय और सहयोग कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी। कॉलेज के शिक्षिकाओं ने भी खेल आयोजन में विद्यार्थियों संग भाग लिया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता, 10 मई को नर्सेज डे थीम पर स्पीच एवं अंतिम दिन 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर केक काटकर राष्ट्रीय नर्स सप्ताह का समापन किया जाएगा। इस आयोजन में जेपी कॉलेज आफ नर्सिंग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य, जेपी ग्रुप ऑफ फार्मेसी की प्राचार्या नीलम सिंह, वर्षा रानी, शिल्पा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी आदि उपस्थित थी।

# एसएनएमएमसीएच की बाउंड्री के निर्माण पर मचा भारी बवाल

## ग्रामीणों-दुकानदारों के बीच हुई नोकझोंक

आजाद सिपाही संवाददाता



आक्रोशित लोगों-दुकानदारों को रोकती पुलिस।

**धनबाद।** शहर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच की बाउंड्री वॉल निर्माण को लेकर गुरुवार को जमकर बवाल हो गया। यह विरोध एसएनएमएमसीएच के समीप कोचाकुली बस्ती के पास हुआ। बतातें चलें कि अस्पताल और छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर रास्ते को बंद कर बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जा रहा है। इसे लेकर स्थानीय निवासियों और दुकानदारों में आक्रोश है। इस दिन सड़क के मुहाने को बंद करने पहुंची प्रशासन की टीम पर स्थानीय लोग भड़क गए। बाउंड्री वॉल निर्माण का ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए काम रुकवाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हुए। बताया जा रहा कि बाउंड्री वॉल करने से आम जनता एवं दुकानदारों को परेशानी होगी। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। भारी हंगामें के बीच रास्ते के मुहाने को बंद करने का काम जारी है। इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि प्रदर्शनकारियों को रोका जा सके।

# पेयजल आपूर्ति योजनाओं की समस्याओं के निष्पादन को लेकर हुई समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी/बेरमो।** गिरिडीह डीसी के निर्देश पर गुरुवार को प्रभारी एसडीओ जीतराय मुर्मू की अध्यक्षता में डुमरी अनुमंडल कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक हुई। जिसमें अनुमंडल क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजनाओं और पेयजल से संबंधित समस्याओं के निष्पादन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ अन्वेषा ओना, पीरटांड़ बीडीओ मनोज मरांडी, जेई जयप्रकाश यादव, डुमरी बीपीआरओ विजय महतो, बीपीआरओ पीरटांड़ इंद्रजीत महतो, बीसी 15वीं वित्त आयोग डुमरी लेखराज प्रसाद, बीसी 15वीं वित्त आयोग पीरटांड़ सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे। इस दौरान पंचायत स्तर पर पेयजलापूर्ति योजनाओं (जल जीवन मिशन, मल्टी विलेज स्कीम, सिंगल विलेज स्कीम) के क्रियान्वयन में तेजी लाने, पेयजल से संबंधित समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने को लेकर निर्देशत किया गया। वहीं क्षेत्र में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मति, चापाकल मरम्मति से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। लगे हाथ ग्रीष्मकाल को देखते हुए पेयजलापूर्ति से संबंधित सभी संचालित योजनाओं को समयावधि में पूर्ण करने के साथ ही पेयजल आपूर्ति से संबंधित प्राप्त जनशिकायतों का शिकायत पंजी बना कर सयम पर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

# हत्या के विरोध में निकला कैंडल मार्च




आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी/बेरमो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पिछरी पंचायत के बस्ती में विपुल मिश्रा की हत्या के विरोध में गुरुवार को कैंडल मार्च निकाला गया, जो दुर्गा मंदिर परिसर से तुरी टोला होते हुए फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग, पिछरी मेन रोड, प्योर ढोरी मोड़ से महतो टोला होते हुए मंदिर परिसर पहुंचा। इसमें बड़ी संख्या में युवक-ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने हाथों में मोमबत्तियां और विपुल की तस्वीरें लेकर उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किये। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जल्द से जल्द अपराधियों को फांसी की सजा मिले। विपुल की हत्या निर्मम तरीके से की गई है, जिससे पूरे गांव में आक्रोश है। लोगों ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि ऐसे अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दी जाए, ताकि समाज में ऐसा जघन्य अपराध दोबारा ना हो। इस मौके पर सोमनाथ मिश्रा, ओम मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, आर्यन मिश्रा, बिट्टू ठाकुर, दिलीप कुमार, सत्यम मिश्रा, रितिक मिश्रा, विश्वजीत मिश्रा, आदर्श मिश्रा, अभिराम मिश्रा, रंजीत मिश्रा, सुमित मिश्रा, संकेत मिश्रा, देव मिश्रा, बबलू मिश्रा, अभीराम मिश्रा, रंजीत मिश्रा, नेहाल मिश्रा, गिरधारी मिश्रा, पिंटू मिश्रा और अरविंद मिश्रा आदि मौजूद थे।

# पूर्व मंत्री बेबी देवी चुनी गयीं झारखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष



**भंडारीदह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की ओर से बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005(2006 का 4) की धारा 18 के तहत पूर्व मंत्री बेबी देवी को झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का अध्यक्ष चुना गया है। इस आलोक में गुरुवार को राज्य सरकार की समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग को अधिसूचना जारी की गई है। उधर, बेबी देवी को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता में काफी खुशी है। वहीं, बेबी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसे ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगी।

## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
### (विधि शाखा)

**-: आम सूचना :-**

निदेशानुसार, एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में प्रतिबंधित सूची से विमुक्त करने हेतु दायर विविध वाद संख्या–119/2022 मिन्हाज खान बनाम् राज्य में मौजा–चिलोडीह, थाना नं०–284 के खाता संख्या–26, प्लॉट संख्या–187, रकवा–0.06ए० भूमि की सुनवाई उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में की जा रही है।

अतः प्रश्नगत् वाद से संबंधित प्रस्तावित भूमि पर यदि किसी व्यक्ति को कोई दावा अथवा आपत्ति हो, तो वे उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में उक्त वाद की आगामी निर्धारित तिथि दिनांक 27.05.2025 को उपरोक्त भूमि से संबंधित आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित् करेंगे।

| राजस्व ग्राम का नाम | पुलिस थाना | थाना नं० | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| चिलोडीह | चन्दवारा | 284 | 26 | 187 | 0.06डी० |

प्रभारी पदाधिकारी
विधि शाखा, कोडरमा

PR 351955 District(25-26).D

## समाहरणालय, खूँटी
### (समेकित जनजाति विकास अभिकरण)

**अल्पकालीन निविदा**
**निविदा सूचना संख्याः– 01/2025–26**

आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1380 दिनांक 29.07.2024 एवं पत्रांक 2292 दिनांक 12.12.2024 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 के लिए सरना स्थल, जाहेर स्थल आदि के लिए पूजन सामग्री योजनान्तर्गत प्राप्त आवंटन के आलोक में सरना स्थल, जाहेरस्थान आदि के लिए पूजन सामग्रियों के आपूर्ति हेतु दिनांक 24.05.2025 को 11.30 बजे पूर्वाह्न तक निबंधित एवं प्रतिष्ठित थोक विक्रेताओं से मुहरबन्द निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय बीड अलग–अलग) आमंत्रित की जाती है। निविदा परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, खूँटी के कार्यालय कक्ष में निर्धारित तिथि तक कार्यदिवस में कार्यालय अवधि में जमा किया जायेगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 24.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे जिला क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोला जाएगा। निविदा खोलते समय निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदा की शर्तें एवं सामग्रियों की सूची खूँटी जिले के वेवसाईट www.khunti.nic.in एवं परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 कार्यालय, खूँटी के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0,खूँटी

PR 351919 District(25-26).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक श्री संजार अंसारी, इस्लाम नगर, लोहरदगा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWEA) के अन्तर्गत पीलर मोड़ से (शाहीघाटी) मन्हें पार्ट तक लम्बाई– 5.10 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा दिनांक 04.09.2022 को किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या– JH/LOH/17/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 30.03.2023 निर्धारित थी, जो समाप्त हो चुका है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक– 218 दिनांक– 29.01.2024, पत्रांक–337 दिनांक– 20.02.2024, पत्रांक–437 दिनांक–12.03.2024 के द्वारा कार्य को पूर्ण करने के लिए आपको निदेशित किया गया था। आपके द्वारा उक्त कार्य को बंद रखा गया है, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। आपको निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अन्दर कार्य को गुणवत्ता एवं विशिश्टियों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें एवं इसकी सुचना अधोहस्ताक्षरी को देंगे। अन्यथा बाध्य होकर उक्त योजना का अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा को विखंडित कर दिया जायेगा एवं SBD की कंडिका 52.1 एवं 52.2 के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूचि में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

| क्र0 सं0 | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री संजार अंसारी, इस्लाम नगर, लोहरदगा। | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWEA) के अन्तर्गत पीलर मोड़ से (शाहीघाटी) मन्हें पार्ट तक लम्बाई– 5.10 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य। | JH/LOH/17/ 2022-23 | 30.03.2023 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 351948 Lohardaga (25-26)_D

## झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान/महिला/कुडू/कुजरा/कैरो, लोहरदगा
### (Email Id- principalitilohardaga@gmail.com)

**नामांकन सूचना औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 639 एवं पत्रांक–640 दिनांक–07.05.2025 के आलोक में NCVT/SCVT से मान्यता प्राप्त लोहरदगा जिला के सभी सरकारी (LWE सहित), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, यथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुजरा/कुडू/महिला/कैरो, लोहरदगा के शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in Admission Tab) आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः–**

क). वायरमैन, मेशन (बिल्डिंग कन्स्ट्रक्टर), पेन्टर (जेनरल) पलम्बर, वेल्डर, वेल्डर (GMAW & GTAW), वेल्डर (Fabrication & Fitting), सीविंग टेक्नोलॉजी, काटिंग एण्ड सीविंग, कारपेन्टर (New Name- Wood Work Technician), एवं वीबिंग टेक्नीशियन फॉर सिल्क एण्ड वुलन फैब्रिक्स व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेष अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवी (10वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

3. **महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| क्र0सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 3 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे |
| 4 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदको द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 |
| 5 | अंतिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |

**Time Schedule for 1st Round of online Counseling**

| Sl No. | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| | | Date | To |
| 1 | Choice filling of Trade (s) and/or ITI (s) | 24.06.2025 | 01.07.2025 |
| 2 | Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter | 04.07.2025 | 21.07.2025 |
| 3 | Admission in the concerned ITI | 04.07.2025 | 21.07.2025 |

**Time Schedule for 2nd Round of online Counseling**

| Sl No. | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| | | Date | To |
| 1 | Choice filling of Trade (s) and/or ITI (s) | 24.07.2025 | 30.07.2025 |
| 2 | Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter | 04.08.2025 | 14.08.2025 |
| 3 | Admission in the concerned ITI | 04.08.2025 | 14.08.2025 |

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।

ह0/–
प्राचार्य
नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
कुजरा, लोहरदगा

PR 351960 (Lohardaga)25-26*D

## विश्व थैलेसीमिया दिवस पर संयुक्त रक्तदान शिविर का आयोजन, 30 यूनिट रक्त संग्रह

# रक्तदान मानवता की सेवा का श्रेष्ठतम रूप है : विधायक चंद्रदेव महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोविंदपुर।** विश्व थैलेसीमिया दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच की तीन सक्रिय शाखाएं गोविंदपुर, सरायढेला एवं उन्नति के संयुक्त तत्वावधान में बालाजी मेडिकल्स में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 30 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिंदरी के विधायक कॉमरेड चंद्रदेव महतो उपस्थित रहे, जिन्होंने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का श्रेष्ठतम रूप है। मारवाड़ी युवा मंच के युवाओं का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। वहीं, डॉ अभिनव गौरव एवं डॉ नीतू श्रीवास्तव ने थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता और रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। जबकि असर्फी अस्पताल की ओर से बलबीर कुमार ने रक्त संग्रहण प्रभारी की भूमिका निभाई और संपूर्ण प्रक्रिया का तकनीकी संचालन किया। वहीं, प्रतिभागी शाखाओं का नेतृत्व मारवाड़ी युवा मंच, गोविंदपुर शाखा के अध्यक्ष शैलेश बंसल, सचिव आशीष मित्तल, मंडल उपाध्यक्ष आदित्य अग्रवाल, सदस्य बजरंग अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच, सरायढेला शाखा अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाला, सचिव विकास अग्रवाल, उपाध्यक्ष विशाल सावरिया, आइपीपी प्रवीण केजरीवाल, विकास अग्रवाल (सचिव, सरायढेला शाखा) ने किया। साथ ही मारवाड़ी युवा मंच उन्नति शाखा अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, पायल मित्तल, सहयोगी संस्था नागरिक समिति, गोविन्दपुर अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी में रक्तदान शिविर का आयोजन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व रेडक्रास दिवस पर गुरुवार को भारतीय रेडक्रास सोसाइटी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही प्राथमिकता चिकित्सा प्रशिक्षण एवं सीपीआर का प्रशिक्षण भी दिया गया। रक्तदान शिविर में सोसाइटी के संयुक्त सचिव दिलीप सिंह सहित 20 सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के आयोजन में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, वाइस चेयरमैन धनेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष श्वेतांबरा पाठक, (सचिव) कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र नाथ ठाकुर, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेंद्र सिंह, ब्लड डोनेशन प्रोग्रामर बेनजीर परवीन, नोडल स्वास्थ्य डॉक्टर जिम्मी अभिषेक, देवेंद्र कुमार, राधेश्याम गोस्वामी, बिजेंद्र कुमार, मनीष रंजन, सुधीर वर्णवाल, अरूण कुमार वर्णवाल, रंजीत सिंह, रंजीत कुमार, इरशाद, बिल्लू, लीला मांजी, ललिता सिंह, प्रीति सिंह, रियासत अली, कृष्ण कुमार वर्मा, कलीम अंसारी, गोपाल भट्टाचार्य, सतीक अंसारी, नरेन्द्र कुमार त्रिवेदी और विजय वर्मा आदि ने सक्रिय सहयोग किया।

## पालाजोड़ी ब्लॉक में महिला प्रमुख के साथ बीडीओ ने की बदसलूकी

# विरोध में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** बीडीओ द्वारा की गयी बदसलूकी के विरोध में प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यों ने पालोजोड़ी प्रखंड कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बीडीओ आमिर हमजा पर प्रमुख उषा किरण मरांडी ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रखंड में चल रहे भ्रष्टाचार और मनमानी को लेकर जब वह बीडीओ के पास शिकायत करने गई तो बीडीओ आमिर हमजा द्वारा यह कहकर कार्यालय से बाहर निकाल दिया कि आपका चेहरा देखते ही उनका दिमाग खराब हो जाता है। यह कहते हुए बीडीओ साहब उन पर आग बबूला हो गए और उन्हें कार्यालय से बाहर निकाल दिया। शिकायतकर्ता उषा किरण मरांडी ने बताया कि बीडीओ आमिर हमजा आए दिन स्थानीय लोगों के साथ बदसलूकी करते हैं और उनकी शिकायत भी आते रहती है। इसीलिए गुरुवार को पंचायत समिति सदस्य के लोगों ने प्रखंड कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना दिया है और यह मांग कर रहे हैं कि जब तक इस बीडीओ को नहीं हटाया जाएगा तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। वहीं पंचायत समिति सदस्यों के धरना प्रदर्शन को मजबूत करते हुए स्थानीय विधायक चुन्ना सिंह ने कहा कि बीडीओ आमिर हमजा की शिकायत उनके पास भी कई बार आई है। वह ब्लॉक के कई मीटिंग में पदाधिकारी के साथ गलत भाषा में बात भी करते हैं। बीडीओ के इस तरह के व्यवहार को देखते हुए विधायक द्वारा भी कई बार उन्हें फटकार लगायी गयी है, लेकिन बीडीओ आमिर हमजा अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जो विरोध प्रदर्शन शुरू किया है, यह जायज है।

विधायक चुन्ना सिंह ने कहा कि वह सरकार से मांग करेंगे कि बीडीओ अमीर हमजा को अपने पद से हटाकर कहीं पर पारा शिक्षक बना दिया जाए।वह कहीं से भी राज्य के अधिकारी बनने लायक नहीं है। वहीं विधायक चुन्ना सिंह ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि जिस तरह से बीडीओ आमिर हमजा आए दिन स्थानीय लोगों के साथ बदसलूकी कर रहे हैं। उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाये उसके बाद उनसे शो काउज पूछा जाये। बता दें कि धरना प्रदर्शन में बैठे पंचायत समिति के सदस्यों ने कहा कि बीडीओ आमिर हमजा पर जब तक कार्रवाई नहीं होगी तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट की जयंती मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** शहर के पनाहकोला मोहल्ला स्थित दत्ता चेरीटेबल परिसर में स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी मधुपुर के प्रांगण में गुरुवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। मौके पर रेड क्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी डियूनेंट तसवीर पर फूल माला अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मौके पर विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में संस्था के सदस्यों के द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इसमें ग्रामीण चिकित्सा सिविल एवं टीवी मरीज को गोद लेकर उन्हें सहायता पहुंचाना तथा कंबल वितरण में सहयोग तथा ब्लड डोनेशन कार्यक्रम में सहयोग के कारण लोगों को सम्मानित किया गया।

वहीं संस्था के पैटर्न और वाइस पैटर्न को भी सम्मानित किया गया। मौके पर एसडीओ राजीव कुमार ने कहा कि विश्व रेड क्रॉस दिवस पर सभी संकल्प ले कि जरूरत मंद मरीज को मदद के लिए आगे आये। रक्त दान शिविर आयोजित कर सेवा भावना से काम करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मधुपुर सतेंद्र प्रसाद, कार्यपालक दंडाधिकारी मधुपुर विनय कुमार पांडे, अनुमंडल अस्पताल उपाधीक्षक डॉ शाहिद, संजय शर्मा समेत कार्यक्रम के पदाधिकारी कन्हैयालाल कन्नू, कार्यक्रम संयोजक अरविंद कुमार, बालमुकुंद बथवाल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेम पाठक और अजय पाठक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद सीओ यामुन रवि दास ने दिये।

## हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा

**मधुपुर।** केलाबगान में नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी। इसमें शामिल महिलाओं ने प्रातः पूजा अर्चना के बाद शहर के थाना रोड, गांधी चौक, स्टेशन रोड, रजवाड़ी रोड, नगर पालिका रोड होते हुए विभिन्न मार्गो का भ्रमण कर पूरा मंदिर पहुंचकर विधि विधान पूर्वक कलश को स्थापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भुवनेश्वर सिंह, परमेश्वर सिंह, सियाराम राय, उत्तम भैया मौजूद थे।

## देवघर में भूजल का अवैध दोहन

# राइस मिल पर कठोर कार्रवाई करे सरकार : संजय भारद्वाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** मौसम में बदलाव के साथ देवघर में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। तापमान बढ़ने के साथ-साथ भूजल स्तर में गिरावट के कारण आम जनता त्राहिमाम करने लगी है। प्रदेश राजद सचिव सह पूर्व प्रत्याशी मधुपुर विधानसभा संजय भारद्वाज ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर देवघर में भूजल के अवैध और अनियमित दोहन को अमानवीय कृत्य बताते हुए पीडीआरडी राइस मिल के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। भारद्वाज ने कहा कि दुनिया में भूजल के लिए संघर्ष हो रहा है, लेकिन देवघर एवं निकटवर्ती क्षेत्र में दबंग पूंजीपतियों और बाहुबलियों द्वारा भूगर्भ जल के गैर कानूनी तरीके से दोहन और अपव्यय किया जा रहा है। कई इलाकों में पानी खत्म हो चुका है लेकिन बाहुबली राइस मिल मालिक कानून को ताक पर रखके लाखों लीटर पानी बर्बाद कर गन्दा पानी अपने से कमजोर लोगों के खेतों में दबंगता के साथ बहा रहे हैं, जबकि ड्राई जोन में राइस मिल के लिए पानी का प्रयोग फिल्टर प्लांट लगाकर किया जाना है लेकिन वर्षो से वार्ड नंबर-27,बंधा मौजा में कई राइस मिलमालिक गरीब, आदिवासी, पिछड़े और दलित सहित आम जनता के हिस्से के भूजल का नाजायज तरीके से दोहन कर बर्बाद कर रहे हैं। यह कृत्य अमानवीय एवं अवैधानिक है। राजद नेता ने दोषी राइस मिल मालिक के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग करते हुए कहा कि मरुस्थलीकरण से प्रभावित झारखंड की भूमि को बंजर होने से बचाने और गरीब जनता को त्रासदपूर्ण स्थिति से निजात दिलाने के लिए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा भूजल वृद्धि और जल उपलब्धता के लिए किए जा रहे तमाम प्रयासों को धता बताकर प्रभावशाली लोगों द्वारा कानून के विरुद्ध भूमिगत जल का अपव्यय राज्य सरकार की नीतियों और आम जनता के व्यापक हितों के विरुद्ध है। इस प्रकार की असंवेदनशील कार्यवाही पर रोक न लगाए जाने से जहां गरीब जनता त्राहिमाम कर रही है वहीं महागठबंधन सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है और सतत विकास के लक्ष्य प्राप्ति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

# बाबा मंदिर प्रांगण स्थित सभी दानपात्रों को मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गयी गुरुवार को बाबा मंदिर प्रांगण स्थित 18 दानपात्र को मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया। साथ ही गिनती के पश्चात दानपात्र से कुल आय 15,45,606 रुपये के अलावा नेपाली नगद - 4935 सिंगापुर डॉलर - 10, यूएइ 10 दिरहम दान स्वरूप प्राप्त हुआ। इससे अलावा मंदिर के दान पात्र को कड़ी सुरक्षा के बीच खोला गया। पात्र से निकले पैसे को गिनती के लिए मंदिर प्रशासनिक भवन में रखा गया।










































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**